**सुविचार**
मन की बात कह देने से फैसले हो जाते हैं, मन में रखने से फासले हो जाते हैं।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Friday, 28 July 2023 ● Year : 01 ● Issue : 192 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com




सनी लियोनी ने 2016 के कंट्रोवर्शियल...

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 66,266.82 |
| निफ्टी | : | 19,659.90 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,660 |
| चांदी | : | 80.04 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### सेना प्रमुख ने सियाचिन ग्लेशियर का दौरा किया सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

**SRINAGAR :** सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने गुरुवार को सियाचिन ग्लेशियर का दौरा किया और परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। इसके अलावा दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र में अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सेना प्रमुख ने सैनिकों के साथ बातचीत की और सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उनके धीरज और दृढ़ता के लिए उनकी सराहना की। जनरल मनोज पांडे ने उन्हें उसी उत्साह और प्रेरणा के साथ काम करना जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

### गगनयान मिशन: सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम का तीसरा हॉट टेस्ट सफल

**NEW DELHI :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार को गगनयान सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम का तीसरा हॉट सफल परीक्षण किया। इसरो ने ट्वीट करके जानकारी दी कि गगनयान सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम पर दो और हॉट परीक्षण 26 जुलाई को सफलतापूर्वक किए गए। इसरो ने कहा कि मिशन के लिए आवश्यक और निरंतर मोड में परीक्षण आयोजित किए गए। डी-बूस्टिंग आवश्यकताओं और ऑफ-नॉमिनल मिशन परिदृश्यों को प्रदर्शित करने के लिए तीन और हॉट परीक्षण निर्धारित हैं। उल्लेखनीय है कि भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन ह्यगगनयानह्न की लॉन्चिंग के लिए इसरो कई तरह के परीक्षण कर रहा है।

### कोच्चि में आईएनएस विक्रांत पर लटका मिला नाविक का शव, जांच के आदेश

**NEW DELHI :** भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत में गुरुवार सुबह एक नाविक का शव लटका मिला। नौसेना ने जांच के आदेश दिए हैं। (एलसीए) नेवी और मिग-29 के लड़ाकू विमानों की सफल लैंडिंग के बाद आईएनएस विक्रांत पूरी तरह से ऑपरेशनल होने के इंतजार में है, इसलिए विमानवाहक पोत फिलहाल कोच्चि में खड़ा है। मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार सुबह एक नाविक को आईएनएस विक्रांत पर लटका हुआ पाया गया। यह 19 वर्षीय नाविक अग्निवीर नहीं, बल्कि नियमित कैडर से मुजफ्फरपुर, बिहार का रहने वाला था। उसका शव युद्धपोत के एक डिब्बे में लटका हुआ पाया गया, नौसेना ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

# भाकपा नेता की हत्या के बाद समर्थकों ने किया भारी बवाल, नगड़ी थानेदार सस्पेंड

## रांची की कई सड़कें रहीं घंटों जाम, पुलिस मुख्यालय ने किया एसआईटी का गठन

**PHOTON NEWS RANCHI :** भाकपा नेता शुभाष मुंडा की दलादिली में हत्या के बाद गुरुवार को पूरे दिन बवाल जारी रहा। शहर के बाहरी छोर में सैकड़ों समर्थक सड़क पर उतर बवाल काटते रहे। घंटों सड़क जाम रखा। नगड़ी, दलादिली, पुंदाग सहित कई इलाकों में वाहनों की लंबी कतार लगी रही। जाम कर रहे लोगों को पुलिस सुबह से ही समझा बुझा रही थी, लेकिन वे अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े थे। कोई काफी मशक्कत के बाद शाम में पुलिस ने उग्र लोगों को शांत कराया। इसके बाद शव का अंतिम संस्कार करा पाई। शाम छह बजे के बाद दलादली चौक के समीप स्थिती सामान्य हुई और वाहनों का आवगमन शुरू हुआ। पुलिस के दर्जनों जवानों को दलादली चौक पर तैनात किया गया है। इधर, बंद समर्थकों ने अरगोड़ा चौक, हरमू बाजार, अलबर्ट एक्का चौक तक निकले और दुकानों का बंद कराया। बंद के दौरान कचहरी से अल्बर्ट एक्का चौक जाने वाली सड़क से गुजरने वाले लोगों को जाम का सामना करना पड़ा। रांची की कई सड़कें घंटों जाम रहीं। वहीं पुलिस मुख्यालय की ओर से एसआइटी का गठन किया गया है। सिटी एसपी को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। आईजी अमोल होमकर ने कहा है इस मामले में डीआइजी और एसएसपी कैंप कर रहे हैं। दोनों अधिकारियों को आदेश दिया गया है कि जल्द से जल्द अपराधी को पकड़े। सुभाष मुंडा हत्या के बाद एसएसपी किशोर कौशल ने नगड़ी थाना प्रभारी ओमप्रकाश टोप्पो को सस्पेंड कर दिया है। वहीं रातू थाना में पदस्थापित 2018 बैच के एसआई रोहित कुमार को नगड़ी का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। एसएसपी ऑफिस से जारी आदेश में कहा गया है कि बुधवार रात अज्ञात अपराधियों ने सुभाष मुंडा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। थाना प्रभारी ओम प्रकाश से रात के करीब साढ़े आठ बजे इस संबंध में पूछा गया था, लेकिन उन्हें कोई जानकारी नहीं थी। यह उनकी सूचना तंत्र की पूर्ण विफलता को दशार्ता है। घटना के बाद लोगों में इनके कार्यप्रणाली को लेकर भारी असंतोष देखा गया है। अपराध की रोकथाम न करना, समय पर घटना के संबंध में जानकारी ना होना और ना ही वरीय पदाधिकारियों को सूचना देना, इनकी अक्षमता एवं कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। इनके इस कार्य से रांची पुलिस की छवि धूमिल हुई है।



भाकपा नेता शुभाष मुंडा के हत्या के बाद गुरुवार को सड़क पर उतरे आक्रोशित लोग ● फोटोन न्यूज

### शव रखकर सड़क को किया जाम, हंगामा

सुभाष मुंडा के शव का पोस्टामार्टम होने के बाद स्वजन शव को सड़क पर रखकर हंगामा करने लगे। सुभाष की हत्या के बाद झाराखंड के कई नेता दलादली पहुंचे और सुभाष मुंडा के घरवालों से मिले। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने पुलिस से कहा कि हर हाल में अपराधियों को पकड़ा जाए और इस कांड का खुलासा किया जाए। पुलिस का कहना है कि दलादली चौक के समीप लगे सीसीटीवी का फुटेज खंगाला जा रहा है। फुटेज की मदद से अपराधियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। कुछ दागी किस्म के युवकों को हिरासत में लिया गया है। सुभाष मुंडा की हत्या के बाद आक्रोशित ग्रामीण बुधवार रात करीब ढाई बजे तक सड़क पर उत्पात मचाते रहे। इसे संभालने के लिए आईजी, डीआईजी, एसएसपी, सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी, ट्रैफिक एसपी, हटिया डीएसपी, मुख्यालय 2, डीएसपी, बेड़ो डीएसपी, कई जगहों के अन्य डीएसपी और कई थाना प्रभारी सहित 100 से ज्यादा जवान मौजूद रहे। पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। उससे पहले हत्या के विरोध में भीड़ ने जमकर बवाल किया। उग्र भीड़ ने कई दुकानों को आग के हवाले कर दिया। वाहनों में भी तोड़फोड़ किया। घटनास्थल पर पहुंचे रांची के सिटी एसपी की गाड़ी में तोड़फोड़ कर उन्हें भी खदेड़ दिया।

# गिरिडीह में महिला को पीटा, कपड़े फाड़कर रातभर पेड़ से बांधकर रखा

## सरिया थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस ने कराया मुक्त, चार धराए

**PHOTON NEWS GIRIDIH :** गिरिडीह जिले के सरिया थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ मारपीट कर उसके कपड़े फाड़ पेड़ से बांधने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की सूचना मिलने के बाद सरिया पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को मुक्त कराकर उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। इस मामले में पीड़ित महिला ने कुछ लोगों के नाम भी पुलिस को बताया है। यह घटना बुधवार रात लगभग 11 बजे की है।

**क्या है पूरा मामला**

पीड़ित महिला के अनुसार रात में किसी व्यक्ति ने फोन कर उसे घर से बाहर बुलाया था। बाहर आने पर दो युवक घर के बाहर खड़े मिले। जिन्होंने उसे अपनी बाइक पर बैठाया और घर से लगभग एक किलोमीटर दूर ले गया। जहां उसकी पिटाई कर शरीर में पहने वस्त्र को फाड़ दिया और उसे यूकेलिप्टस के पेड़ में बांध दिया गया। उक्त महिला रात भर पेड़ में बंधी रही। इसकी सूचना मिलने पर सरिया पुलिस ने उसे पेड़ से खोलकर अपने कब्जे में लिया। उस वक्त महिला काफी डरी - सहमी हुई थी। फिलहाल, स्थानीय देवकी अस्पताल में उक्त महिला का इलाज किया जा रहा है। और पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस बाबत डीएसपी (मुख्यालय) संजय राणा ने बताया कि प्रेम-प्रसंग की वजह से पीड़िता के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की और उसके कपड़े फाड़ दिये। इसके बाद उसे पेड़ में बांध दिया था। इस मामले में सरिया थाना में कांड संख्या 122/23 दर्ज करते हुए चार आरोपियों विकास सोनार, श्रवण कुमार, रेखा देवी और मुन्नी देवी को गिरफ्तार कर लिया गया है।



### मणिपुर में फिर हिंसा गोलीबारी में महिला पुलिसकर्मी की मौत

**IMPHAL :** हिंसाग्रस्त मणिपुर के भारत-म्यांमार सीमावर्ती शहर मोरेह में बुधवार को ताजा हिंसा भड़क उठी। मोरेह में उपद्रवियों और सुरक्षाबलों में भीषण गोलीबारी की खबर है। इसमें एक महिला पुलिसकर्मी की मौत हो गई। इस बीच, कुकी और मैतेई समुदायों के बीच फिर से झड़पें हुई हैं। 30 घरों को आल लगाने की खबर है। इसमें कई लोग घायल हुए हैं। जानकारी के मुताबिक सुरक्षाबलों और बीएसएफ के जवानों ने तुरंत कार्रवाई करते हुई भीड़ को तितर-बितर किया। इस तुरंत कार्रवाई के कारण हिंसा को आगे बढ़ने से रोका गया। सूत्रों से मिली खबर के मुताबिक, बुधवार को मणिपुर में ताजा हिंसा की सूचना मिली। मोरेह जिले में उपद्रवियों ने घरों को जला दिया और नागरिकों पर हमला किया।

# पूर्व विधायक संजीव सिंह को नहीं मिली इच्छा मृत्यु, याचिका खारिज

## अदालत ने दिया प्राइवेट अस्पताल में बेहतर इलाज कराने का निर्देश

**PHOTON NEWS DHANBAD :** पूर्व विधायक संजीव सिंह की इच्छा मृत्यु वाली याचिका खारिज हो गयी है। सुनवाई के बाद अदालत ने इस याचिका को खारिज कर दी है। कोर्ट में सुनवाई के बाद ये फैसला आया है। अदालत ने इनके बेहतर इलाज का निर्देश दिया है। इच्छा मृत्यु की अर्जी को अखिलेश कुमार की अदालत ने अस्वीकार करते हुए जेल अधीक्षक धनबाद को पूर्व विधायक संजीव सिंह को धनबाद के किसी निजी अस्पताल में भर्ती करने का निर्देश दिया। इसकी पुष्टि पूर्व विधायक के वकील मोहम्मद जावेद ने की है। अखिलेश कुमार की अदालत ने गुरुवार को पूर्व विधायक संजीव सिंह की इच्छा मृत्यु वाली याचिका खारिज कर दी है। इनकी याचिका अस्वीकार करते हुए जेल अधीक्षक धनबाद को पूर्व विधायक संजीव सिंह को धनबाद के किसी निजी अस्पताल में भर्ती करने का निर्देश दिया है। इसकी पुष्टि पूर्व विधायक के वकील मोहम्मद जावेद ने की है। धनबाद जिले के झरिया से पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह द्वारा मांगी गयी इच्छा मृत्यु व मौत के बाद अंग दान करने के मामले में पिछले बुधवार को एमपी एमएलए न्यायालय के विशेष न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत में फिर सुनवाई हुई थी। संजीव सिंह के अधिवक्ता मो जावेद ने कहा था कि बेहतर इलाज उनका संवैधानिक अधिकार था, लेकिन उन्हें बेहतर इलाज की सुविधा नहीं दी जा रही है। गरिमा के साथ जीने नहीं दे रहे हैं, तो उन्हें इच्छा मृत्यु दे दी जाये। इस पर अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक अवधेश कुमार ने कहा कि सीआरपीसी में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। इसलिए इस आवेदन को खारिज किया जाये।


संजीव सिंह की फाइल फोटो।

# ज्ञानवापी सर्वे पर फिलहाल रहेगी रोक, फैसला तीन को

**AGENCY PRAYAGRAJ :** ज्ञानवापी के एएसआई सर्वे मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब कोर्ट 3 अगस्त को इस पर फैसला सुनाएगी। मसाजिद इंतजामिया कमेटी ने हाईकोर्ट में सर्वे पर रोक लगाने की याचिका दायर की थी। सरकार की तरफ से कोर्ट को जानकारी दी गई कि मंदिर सीआईएसएफ की सुरक्षा में है। कोर्ट ने हिंदू पक्ष से सवाल पूछा कि वाद तय करने में देरी क्यों हो रही है। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कोर्ट कार्यवाही की जानकारी दी। मुस्लिम पक्ष के वकील एसएफए नकवी ने कोर्ट से कहा- 1947 से भवन की यही स्थिति है, जिसमें बदलाव नहीं किया जा सकता। प्लेस आफ वर्शिप एक्ट की धारा 3 कहती है कि कोई व्यक्ति पूजा स्थल की प्रकृति में बदलाव नहीं कर सकेगा। इससे पहले बुधवार को हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों को सुना था।

### यूपीए ने पाप छिपाने के लिए नाम बदला : PM

**SIKAR :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि नए नाम से आया विपक्षी गठबंधन राष्ट्रहित में नहीं बल्कि अपने पुराने पापों को ढकने का प्रयास कर रहा है। करीब चालीस मिनट के अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार व राजनीतिक विपक्षी दलों के गठबंधन पर जमकर तंज कसे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार फ्राड से बदनाम होने पर कोई कम्पनी नए नाम से आकर दुबारा ठगने का प्रयास आरंभ करती है, उसी प्रकार यूपीए नए नामकरण के साथ अवतरित हुआ है। नाम बदलने से किसी की नीयत नहीं बदलती है। यूपीए अपना नाम इंडिया बदलकर अपने किए पापों को छुपाने का प्रयास कर रहा है।

# दरभंगा में तीन दिनों तक INTERNET बंद

## सांप्रदायिक मामलों को लेकर जिला प्रशासन ने उठाया कदम

**AGENCY DARBHANGA :** दरभंगा जिले में बढ़ रहे सांप्रदायिक मामलों को लेकर दरभंगा प्रशासन ने 27 की शाम 4 बजे से 30 जुलाई की शाम 4 बजे तक इंटरनेट सेवा बंद रखने का निर्णय लिया है। सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन ने यह कदम उठाया है। जिले में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से दरभंगा में समाजिक-सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश के मद्देनजर गृह विभाग बिहार सरकार द्वारा इंडियन टेलीग्राफ एक्ट 1875 की धारा-5 के तहत यह निर्णय लिया गया है। 27 जुलाई दोपहर चार बजे से 30 जुलाई दोपहर चार बजे तक सोशल नेटवर्किंग साइट और तत्काल व्यापक सेवाएं सुविधा को स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान सभी सोशल साइट्स बैन रहेंगी।

दरभंगा के डीएम और एसएसपी की रिपोर्ट पर सरकार ने यह फैसला लिया है। गृह विभाग की तरफ से इसको लेकर आदेश जारी किया गया है। आदेश के संबंध में जाता है कि प्रशासन द्वारा दरभंगा में अगले 3 दिनों तक इंटरनेट बंद करने का आदेश जारी किया गया है। इसके तहत फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब व वाट्सएप सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। बताते चलें कि कुछ दिन पहले दरभंगा के विभिन्न जगहों पर जिले के विभिन्न जगहों पर विवाद हुआ था, जिसके बाद कई तरह के फर्जी वीडियो वायरल किये गयेए थे। शनिवार को मुहर्रम को देखते हुए लॉ एंड ऑर्डर को कंट्रोल करने के लिए प्रशासन द्वारा यह कदम उठाया गया है।




**हेमंत सरकार ने लौटाए गए विधेयकों से संबंधित राज्यपाल का संदेश उपलब्ध कराने का किया आग्रह**

# विधानसभा में स्थानीय नीति समेत तीन बिल फिर से होंगे पेश

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्य की हेमंत सरकार 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति मोब लिंचिंग बिल और ओबीसी आरक्षण बिल को फिर से विधानसभा में लाएगी और उसे पास करके राजभवन को भेजेगी। तत्कालीन राज्यपाल द्वारा स्थानीय व्यक्तियों की झारखंड परिभाषा और ऐसे स्थानीय व्यक्तियों को परिणामी, सामाजिक, सांस्कृतिक और अन्य लाभ प्रदान करने के लिए विधेयक, 2022, भीड़ हिंसा और मॉब लिंचिंग निवारण विधेयक, 2021 एवं पिछड़े वर्गों (ओबीसी) के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण की सीमा 27 प्रतिशत करने संबंधी विधेयक को वापस कर दिया था अब सरकार पुनः इस विषय की गंभीरता को देखते हुए विधेयक को विधानसभा के पटल पर रखने की योजना पर कार्य कर रही है। सरकार का मानना है कि यह तीनों विधायक जनहित से जुड़ा हुआ है। इसलिए सरकार इसे पुनः सदन में लाएगी। इसके लिए राज्यपाल सचिवालय द्वारा लौटाये गये उक्त विधेयकों को भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 एवं झारखंड विधानसभा की प्रक्रिया और कार्य संचालन के नियम-98 (1) के तहत राज्यपाल के संदेश के साथ राज्य सरकार एवं विधानसभा को उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध राज्यपाल सचिवालय से किया है।



### इस बार मजबूती से तीनों विधयकों को सदन के पटल पर लाएगी सरकार

विधानसभा से पारित किसी भी विधेयक पर राज्यपाल की सहमति हेतु राज्य सरकार द्वारा राज्यपाल सचिवालय को भेजा जाता है। विधेयक पर राज्यपाल की सहमति या असहमति होने पर राज्यपाल द्वारा उक्त विधेयक को लेकर एक संदेश भी संलग्न रहता है, लेकिन वापस किए गए उपरोक्त विधेयक में राज्यपाल सचिवालय द्वारा संदेश संलग्न नहीं किया गया है। राज्य सरकार इन विधेयकों को विधिवत पुनः विधान सभा में लाने हेतु कार्य कर रही है, इसलिए राज्यपाल सचिवालय से उक्त संदेश को उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है। ताकि सरकार पूरी मजबूती के साथ जनहित के इन विधेयकों को पुनः विधानसभा के पटल पर उपस्थित कर सके।

### आईसीजी ने समुद्र में फंसे 36 को बचाया

**NEW DELHI :** भारतीय तटरक्षक दल ने गोवा और कारवार के बीच फंसे भारत सरकार के एक अनुसंधान जहाज को बचा लिया है, जो तकनीकी समस्याओं के कारण समुद्री लहरों से जूझ रहा था। जहाज पर 28 सदस्यीय चालक दल के अलावा 8 वैज्ञानिक सवार थे। सभी 36 लोगों को बचाकर सुरक्षित रूप से गोवा लाया गया है। यह अत्याधुनिक अनुसंधान पोत कीमती वैज्ञानिक उपकरण और अनुसंधान डेटा ले जा रहा था। कोस्ट गार्ड के डीआईजी केएल अरुण ने गुरुवार को बताया कि भारतीय तटरक्षक बल ने गुरुवार को गोवा और कारवार के बीच फंसे एक अनुसंधान जहाज को बचाया।

# ईडी निदेशक संजय मिश्रा का कार्यकाल 15 सितंबर तक बढ़ा

**AGENCY NEW DELHI :** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को ईडी निदेशक संजय कुमार मिश्रा का कार्यकाल 15 सितंबर तक बढ़ा दिया। ईडी निदेशक एस। के। मिश्रा का कार्यकाल बढ़ाने के सरकार के अनुरोध पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि क्या पूरा विभाग अक्षम अधिकारियों से भरा हुआ है। केंद्र ने कोर्ट से कहा कि वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की समीक्षा को देखते हुए प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के नेतृत्व में निरंतरता जरूरी है। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि ईडी निदेशक मिश्रा अपरिहार्य नहीं हैं, लेकिन वित्तीय कार्रवाई कार्य बल समीक्षा कवायद के लिए उनकी मौजूदगी जरूरी है। आगे केंद्र ने कहा कि कुछ पड़ोसी देशों की मंशा है कि भारत एफएटीएफ की 'संदिग्ध सूची' में आ जाए और इसलिए ईडी प्रमुख पद पर निरंतरता जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह व्यापक सार्वजनिक और राष्ट्रीय हित में ईडी निदेशक का कार्यकाल बढ़ा रहा है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि 15 सितंबर के बाद ईडी प्रमुख संजय कुमार मिश्रा के कार्यकाल में और विस्तार नहीं होगा।



## राज्यपाल से भाजपा और दिगंबर जैन पंचायत के शिष्टमंडल ने की मुलाकात



**PHOTON NEWS RANCHI:** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (अनुसूचित जनजाति मोर्चा), झारखंड प्रदेश के एक शिष्टमंडल ने राज भवन में मुलाकात की। शिष्टमंडल ने राज्य के साहिबगंज जिलान्तर्गत बोरियो प्रखंड के गोड़ा पहाड़ की आदिम जनजाति समुदाय की एक युवती की विगत वर्ष हुए निर्मम हत्याकांड के संदर्भ में ज्ञापन समर्पित किया। दूसरी ओर राज्यपाल से श्री दिगम्बर जैन पंचायत का शिष्टमंडल ने राज भवन में मुलाकात की। शिष्टमंडल ने कर्नाटक के बेलगावी में जैनाचार्यश्री कामकुमार नंदी महाराज की निर्मम हत्या की भर्त्सना करते हुए प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन समर्पित किया।



### राज्यपाल ने तीन पुस्तकों का किया विमोचन

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को मनोविज्ञान के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ देवरानी चौधरी और रांची विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ सरवत जबीन की संयुक्त रूप से लिखित पुस्तक 'मनोविज्ञान में प्रयोग एवं परीक्षण' का विमोचन किया। वहीं दूसरी ओर राज्यपाल ने रांची विश्वविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ नीलू सिंह की लिखित दो पुस्तकों 'अर्थशास्त्र का परिचय' और 'उच्चतर आर्थिक सिद्धांत व्यष्टि विश्लेषण' का विमोचन किया। • फोटोन न्यूज



### श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए सीएम हेमंत सोरेन

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को राज्यसभा सांसद धीरज साहू के बड़े भाई उदय शंकर प्रसाद साहू की दिवंगत पत्नी अरुणा साहू की श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए । मुख्यमंत्री ने दिवंगत अरुणा साहू की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। • फोटोन न्यूज

## BRIEF NEWS

### बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री का जताया आभार

**RANCHI:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने देश के किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रधानमंत्री की ओर से 1.25 लाख किसान समृद्धि केंद्र का राष्ट्र को समर्पित किए जाने के अवसर पर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि झारखंड के 1607 किसान समृद्धि केंद्र राज्य के किसानों के आय दोगुनी करने में अत्यंत सहायक होंगे। साथ ही किसान सम्मान निधि की 14वीं किस्त सुखाड़ की स्थिति में लाखों किसानों के लिए वरदान साबित होगी।

### मानसून सत्र के मद्देनजर कांग्रेस विधायक दल की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**RANCHI:** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र से पहले प्रदेश कांग्रेस विधायक दल की बैठक गुरुवार को विधायक दल के नेता आलमगीर आलम के डोरंडा स्थित आवास पर सम्पन्न हुई। बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई, जिनमें खतियान आधारित स्थानीय नीति, 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण, मॉब लिंचिंग निवारण विधेयक एवं मणिपुर हिंसा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल थे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी राज्य की प्रगति, उन्नति के लिए कटिबद्ध है, हम जो कहते हैं वह करते हैं। यहां की जनता से जो मैंने वादा किया था उस वादे को पूरा करने में कामयाब हुए हैं। हमारी पार्टी और सरकार ने पूर्व में खतियान आधारित स्थानीय नीति, 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण, मॉब लिंचिंग निवारण विधेयक को सदन से पारित कराकर राजभवन भेजा था लेकिन इन विधेयकों को लेकर तत्कालीन राज्यपाल के स्तर से कई बिंदुओं पर आपत्ति दर्ज करते हुए वापस लौटा दिया था। उन्होंने कहा कि मानसून सत्र में सदन के अंदर मणिपुर की हिंसा को लेकर कांग्रेस पार्टी विरोध करेगी। विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि हम मानसून सत्र में सदन से एक बार फिर खतियान आधारित स्थानीय नीति, 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण, मॉब लिंचिंग निवारण विधेयक को पास कराकर राजभवन भेजेंगे। यह तीनों मुद्दे ऐसे हैं, जिसे झारखंड का भावनात्मक लगाव है। हम इन तीनों मुद्दों को जल्द से जल्द राज्य में लागू करना चाहते हैं। बैठक में मंत्री रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख के अलावा पार्टी के सभी विधायक उपस्थित थे।

### राज्य के ज्वलंत मुद्दों को मानसून सत्र में उठाएगी भाजपा : बिरंची नारायण

**RANCHI:** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर भाजपा विधायक दल की बैठक प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में हुई। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए पार्टी के मुख्य सचेतक विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि बैठक में राज्य सरकार की नाकामियों,वादा खिलाफी , नियोजन नीति ,ध्वस्त विधि व्यवस्था जैसे जवलंत विषयों पर गंभीर चर्चा हुई। पार्टी कल से शुरू हो रहे विधानसभा के मॉनसून सत्र में इन विषयों को मुद्दा बनाते हुए राज्य सरकार से जवाब मांगेगी। नारायण ने कहा कि यह सरकार फिर एकबार युवाओं ,बेरोजगारों को छलने का काम कर रही है। राज्य में लाखों पद खाली हैं लेकिन बिना नियोजन नीति स्पष्ट किए हेमंत सरकार दिखावे के लिए वेकेंसी निकाल रही।

# हमारी सरकार किसानों को यूरिया की कीमत से परेशान नहीं होने देगी : नरेंद्र मोदी

## राजस्थान के सीकर में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया और राष्ट्र को किया समर्पित



**AGENCY SIKAR/ NEW DELHI:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि केंद्र की सरकार किसानों के दर्द और जरूरतों को समझती है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार यूरिया की कीमतों से हमारे किसानों को परेशान नहीं होने देगी। प्रधानमंत्री ने राजस्थान के सीकर में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया और राष्ट्र को समर्पित किया। परियोजनाओं में 1.25 लाख से अधिक पीएम किसान समृद्धि केंद्रों (पीएमकेएसके) को राष्ट्र को समर्पित करना, सल्फर से लेपित यूरिया की एक नई किस्म यूरिया गोल्ड को लॉन्च करना, ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) पर 1600 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को शामिल करना, 8.5 करोड़ लाभार्थियों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के तहत लगभग 17,000 करोड़ रुपये की 14वीं किस्त जारी करना, चित्तौड़गढ़, धौलपुर, सिरोही, सीकर और श्री गंगानगर में 05 नए मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन, बारां, बूंदी, करौली, झुंझुनू, सवाई माधोपुर, जैसलमेर और टोंक में 07 मेडिकल कॉलेजों की आधारशिला रखना और उदयपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़ और डूंगरपुर जिलों में स्थित 06 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों और केंद्रीय विद्यालय तिवरी, जोधपुर का उद्घाटन करना शामिल। कार्यक्रम स्थल पर सभा को संबोधित करते हुए शेखावाटी की वीर भूमि से विभिन्न विकास कार्यक्रमों की शुरूआत करने का अवसर मिलने के लिए आभार व्यक्त किया। सीकर और शेखावाटी क्षेत्रों के किसानों के महत्व को ध्यान में रखते हुए, प्रधानमंत्री ने इलाके की कठिनाइयों के बावजूद उनकी कड़ी मेहनत को नमन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र की मौजूदा सरकार किसानों के दर्द और जरूरतों को समझती है। प्रधानमंत्री ने बताया कि कैसे, पिछले 9 वर्षों में बीज से बाजार तक नई प्रणालियां बनाई गई हैं। उन्होंने याद दिलाया कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना 2015 में सूरतगढ़ में शुरू की गई थी। इस योजना के माध्यम से, करोड़ों किसान मिट्टी के स्वास्थ्य के बारे में ज्ञान के आधार पर निर्णय ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि 1.25 पीएम किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके) किसानों की समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेंगे। इन केंद्रों को किसानों की जरूरतों के लिए वन-स्टॉप शॉप के रूप में विकसित किया जा रहा है। ये केंद्र किसानों को कृषि संबंधी मुद्दों पर उन्नत आधुनिक जानकारी भी प्रदान करेंगे और ये केंद्र सरकार की कृषि योजनाओं के बारे में भी समय पर जानकारी देंगे। प्रधानमंत्री ने किसानों को सलाह दी कि वे केंद्रों पर आते रहें और वहां उपलब्ध ज्ञान से लाभ उठाएं। प्रधानमंत्री ने बताया कि वर्ष के अंत से पहले अतिरिक्त 1.75 लाख पीएम किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके) स्थापित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार किसानों के खर्चों को कम करने और जरूरत के समय उनका समर्थन करने के लिए पूरी गंभीरता से काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने पीएम किसान सम्मान निधि का जिक्र करते हुए कहा कि यह दुनिया की सबसे बड़ी योजना है जिसमें सीधे किसानों के बैंक खाते में धनराशि ट्रांसफर की जाती है। उन्होंने बताया कि आज की 14वीं किस्त को मिला लें तो अब तक 2 लाख 60 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा सीधे किसानों के बैंक खातों में ट्रांसफर किए जा चुके हैं, जिससे किसानों को विभिन्न खर्चों को कवर करने में फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि देश में यूरिया की कीमत सरकार द्वारा किसानों का खर्च बचाने का उदाहरण है।

### संबोधन हटाने पर गहलोत के ट्वीट का प्रधानमंत्री ने दिया जवाब, आपके कार्यालय ने कहा नहीं हो पायेंगे शामिल

**NEW DELHI:** राजस्थान के मुख्यमंत्री ने आज कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से उनका पूर्व निर्धारित 3 मिनट का संबोधन हटा दिया गया है। इसपर प्रधानमंत्री ने कहा कि आपके कार्यालय ने ही कहा था कि मुख्यमंत्री कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे अगर स्वस्थ्य हैं तो कार्यक्रम में आयें, उनका स्वागत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कटाक्ष भरे ट्वीट का जवाब देते हुए आज कहा कि आपके कार्यालय ने कहा था कि आप कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। राजस्थान के दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने आज सीकर में आयोजित एक कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज और एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों सहित कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने पीएम-किसान योजना के तहत लगभग 8.5 करोड़ किसान लाभार्थियों को 14वीं किस्त के रूप में लगभग 17,000 करोड़ रुपये जारी किए। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को भी शामिल होना था और उनका संबोधन भी था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री के ट्वीट पर रिट्वीट कर कहा कि प्रोटोकॉल के अनुसार उन्हें विधिवत आमंत्रित किया गया था और उनका भाषण भी रखा गया था। लेकिन उनके ऑफिस ने बताया कि आप शामिल नहीं हो पाएंगे। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि उनकी पिछली यात्राओं के दौरान भी उन्हें हमेशा आमंत्रित किया गया है और उनकी गरिमामयी उपस्थिति भी रही है। आज के कार्यक्रम में भी उनका बहुत-बहुत स्वागत है। विकास कार्यों से जुड़ी पट्टिका पर उनका नाम भी प्रमुखता से अंकित है। उन्होंने कहा कि हाल में आपको लगी चोट की वजह से अगर कोई शारीरिक परेशानी ना हो, तो कार्यक्रम में वे जरूर शामिल हों और इसकी शोभा बढ़ाएं। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में अपने भाषण के अंत में मुख्यमंत्री गहलोत का जिक्र करते हुए कहा, 'मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पिछले कुछ समय से बीमार हैं और उनके पैर में चोट लगी है। उन्हें आज कार्यक्रम में शामिल होना था, लेकिन स्वास्थ्य कारणों से वह नहीं आ सके। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करता हूं।' उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री की राजस्थान यात्रा से कुछ घंटे पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आरोप लगाते हुए ट्वीट किया कि कार्यक्रम के वक्ताओं में से उनका नाम हटा दिया गया है। इस पर प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के आरोपों का कड़ा खंडन जारी किया।

### भ्रष्टाचारियों-परिवारवादियों ने केवल अपनी जमात का नाम बदला, इरादे वही : प्रधानमंत्री

**NEW DELHI:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को विपक्षी गठबंधन पर तीखा हमला करते हुए कहा कि भ्रष्टाचारियों और परिवारवादियों ने केवल अपनी जमात का नाम बदला है। इनके तौर तरीके और इरादे वही पुराने हैं। प्रधानमंत्री राजकोट के रेसकोर्स ग्राउंड में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। राजकोट को राजनीति की अपनी पहली पाठशाला बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैंने राजकोट से बहुत कुछ सीखा है। मेरा राजनीतिक करियर यहीं से शुरू हुआ।' विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि आज जब देश आगे बढ़ रहा है तो कुछ लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि इन लोगों को जनता की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं से कोई मतलब नहीं था वो आज जनता के सपने पूरे होते देखकर ज्यादा चिढ़े हुए हैं। उन्होंने कहा, 'आजकल इन भ्रष्टाचारियों और परिवारवादियों ने अपनी जमात का नाम भी बदल दिया है। चेहरे वही पुराने हैं, पाप भी पुराने हैं, तौर तरीके भी पुराने हैं लेकिन जमात का नाम बदल गया है। इनके तौर तरीके भी वहीं हैं, पुराने हैं, इरादे भी वो ही हैं।' प्रधानमंत्री ने कहा कि जब मिडिल क्लास को कुछ सस्ता मिलता है तो ये कहते हैं कि किसान को सही कीमत नहीं मिल रही। जब किसान को ज्यादा कीमत मिलती है तो ये कहते हैं कि महंगाई बढ़ रही है। यही दोहरापन इनकी राजनीति है। प्रधानमंत्री ने कहा कि महंगाई के मामले में इनका ट्रैक रिकॉर्ड देखिए, जब ये लोग केंद्र की सत्ता में थे तो इन्होंने महंगाई दर को 10 प्रतिशत तक पहुंचा दिया था। उन्होंने कहा कि आज यदि पहले वाली सरकार होती तो दूध 300 रुपये लीटर और दाल 500 रुपये किलो बिक रही होती। बच्चों की फीस से लेकर आने-जाने का किराया कई गुणा बढ़ गया होता। प्रधानमंत्री ने पिछले नौ सालों में किये विकास कार्यों का हवाला देते हुए कहा कि बीते 9 वर्षों में केंद्र सरकार ने समाज के हर वर्ग, हर क्षेत्र के जीवन को आसान बनाने के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि 2014 में, मेट्रो नेटवर्क केवल चार शहरों में उपलब्ध था। अब, यह 20 से अधिक शहरों में उपलब्ध है। उन्होंने कहा, 'नौ साल पहले, 2 लाख रुपये की (वार्षिक) आय पर कोई आयकर नहीं लगाया जाता था। अब, 7 लाख रुपये की (वार्षिक) आय तक कोई आयकर नहीं है।'

## विपक्ष के हर सवाल का जवाब देगा सत्ता पक्ष यूपीए विधायक दल की बैठक में बनी रणनीति



यूपीए विधायक दल की बैठक में शामिल सीएम हेमंत सोरेन व अन्य।

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर यूपीए विधायक दल की बैठक मुख्यमंत्री सह विधायक दल के नेता हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गुरुवार को मुख्यमंत्री हाउस में हुई। बैठक में सत्र ठीक से चले, इसको लेकर चर्चा हुई। साथ ही विपक्ष से सहयोग की अपेक्षा की गयी। कहा गया कि विपक्ष के हर सवाल का जवाब सत्ता पक्ष पूरी मजबूती से देगा। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस विधायक दल के नेता सह मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। ओबीसी आरक्षण, मॉब लिचिंग बिल तथा स्थानीय नीति बिल को सदन में फिर से लाए जाने पर भी चर्चा हुई। मगर जिस प्रकार से राजभवन ने इसे लौटाया था, यह उचित तरीका नहीं था। इसलिए राजभवन सचिवालय से विधेयक को भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 एवं झारखंड विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियमझ98 (1) के तहत राज्यपाल के संदेश के साथ राज्य सरकार एवं विधानसभा को उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने लॉ एंड ऑडर मामले में कहा कि सरकार हर घटना पर त्वरित कार्रवाई कर रही है।

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिले रांची के सांसद संजय सेठ



**PHOTON NEWS RANCHI:** दिल्ली में सांसद संजय सेठ ने गुरुवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान सांसद ने केंद्रीय मंत्री को रांची लोकसभा क्षेत्र में एनएचएआई की ओर से संचालित परियोजनाओं की जानकारी दी। कई विषयों पर चर्चा भी की। सांसद ने केंद्रीय मंत्री को रांची के रातू रोड में निमार्णाधीन एलिवेटेड कॉरिडोर की गति प्रगति से अवगत कराया और इसका नाम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर करने से संबंधित आग्रह पत्र भी सौंपा। सांसद ने अपने पत्र में मंत्री को कहा कि रांची के अति व्यस्ततम रातू रोड में 533 करोड़ रुपये की लागत से एलिवेटेड कॉरिडोर की सौगात मिली है। इसके लिए सांसद ने केंद्रीय मंत्री का आभार जताया। सांसद ने कहा कि इस एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। अब तक 25 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुके हैं। कॉरिडोर अब धीरे-धीरे अपना आकार ले रहा है। सांसद ने मंत्री को बताया कि ट्रैफिक जाम की समस्या से विगत कई दशक से लोग जूझ रहे थे, उस समस्या का समाधान भी इस कॉरिडोर के निर्माण से हो जाएगा। एक शब्द में कहूं तो यह कॉरिडोर हम सबके लिए लाइफलाइन सिद्ध होने वाला है। सांसद ने मंत्री को कहा कि इस कॉरिडोर को लेकर इस क्षेत्र की जनता का सुझाव है कि इसका नामकरण भारत में सड़कों के चतुर्दिक विकास की नींव रखने वाले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर किया जाए। सांसद ने इसका नाम अटल एलिवेटेड कॉरिडोर रखने का सुझाव दिया।

### मुख्यमंत्री ने गरीब इंजीनियरिंग छात्र को दिया डेढ़ लाख का चेक


# हर गरीब और प्रतिभावान बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए सरकार संकल्पित : हेमंत सोरेन



सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात करते इंजीनियरिंग के छात्र • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मदद से एक अत्यंत गरीब परिवार के प्रतिभावान छात्र प्रवीण उरांव का आईआईटी, खड़गपुर से इंजीनियरिंग करने का सपना साकार होगा। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को रांची जिले के बेड़ो प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव के रहने वाले प्रवीण उरांव को पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता के रूप में एक लाख पचास हजार रुपए का चेक सौंपा। वे प्रवीण के आर्थिक तंगी के बीच पढ़ाई करने के जज्बे तथा संघर्ष को देखकर अत्यंत भावुक हुए और गौरवान्वित भी महसूस किया। उन्होंने प्रवीण को बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने प्रवीण से कहा कि उसकी इंजीनियरिंग की पढ़ाई के साथ अगर उच्च शिक्षा भी लेना चाहे तो उसके लिए आर्थिक मदद की जाएगी मुख्यमंत्री ने प्रवीण से यह भी कहा कि अगर उसके दोनों भाइयों की पढ़ाई और रोजगार अथवा स्वरोजगार उपलब्ध कराने कराने की दिशा में सरकार पूरा सहयोग करेगी। इस मौके पर प्रवीण की चाची प्रिया मणि जी भी मौजूद थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मुझे अत्यंत खुशी हो रही है कि प्रवीण उरांव नाम के एक ऐसे बच्चे से मिलने का मौका मिला, जिसने गरीबी से संघर्ष करते हुए पढ़ाई जारी रखा और आईआईटी जेईई जैसी कठिन और प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता अर्जित की । प्रवीण की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए निश्चित तौर पर प्रेरणा का काम करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पैसे के अभाव में किसी भी बच्चे बच्ची की पढ़ाई बाधित नहीं होगी। इसका सरकार ने संकल्प ले रखा है।

### 74वें महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए CM को आमंत्रण पत्र सौंपा



**RANCHI:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव एल खियांगते एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री को 28 जुलाई को आयोजित होने वाले 74वें महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र सौंपा। वन महोत्सव का आयोजन ट्रेनिंग ग्राउंड, खोजाटोली, नामकुम , रांची में आयोजित होगा।


सुभाष मुंडा के शव से लिपटकर रोते बिखलते परिजन • फोटोन न्यूज


शव वाहन के साथ दलादिली चौक पर प्रदर्शन करते लोग • फोटोन न्यूज


सड़क पर उतरे आक्रोशित लोग • फोटोन न्यूज


पदर्शन के दौरान कई सड़कें रहीं घंटों जाम • फोटोन न्यूज

# युवा नेता की हत्या के बाद सड़क पर आक्रोश, पूरे दिन काटा बवाल, पुलिस रही अलर्ट

**RANCHI :** रांची जिले में माकपा के युवा नेता सुभाष मुंडा की गोली मारकर हत्या के बाद लोगों ने जमकर हंगामा किया। हत्या के विरोध में आदिवासी छात्र संघ और आदिवासी इक्कीस पड़हा ने गुरुवार को नगड़ी बंद करने का आह्वान किया था। बंद को देखते हुए पुलिस ने पूरे शहर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई थी।बंद समर्थक नारो बाजार टांड़ के पास रांची गुमला मुख्य मार्ग को जाम कर दिया था। कांके ब्लॉक तरफ भी कुछ बंद समर्थक निकले थे। कई इलाकों में आगजनी भी हुई और वाहनों को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया गया। सुबह छह बजे से लोग सड़क पर उतर गए थे। हत्या के विरोध में करीब 11 बजे अल्बर्ट एक्का चौक पर विरोध-प्रदर्शन किया गया। इसके लिए अल्बर्ट एक्का चौक पर भारी संख्या में पुलिस के जवान मुस्तैद थे। बंद के दौरान कचहरी से अल्बर्ट एक्का चौक जाने वाली सड़क से गुजरने वाले लोगों को जाम का सामना करना पड़ा। रांची की कई सड़कें घंटों जाम रहीं। बंद समर्थक जीतेंद्र राम ने कहा कि यह पुलिस प्रशासन की नाकामी हैं। यहां जनता के साथ नेता भी सुरक्षित नहीं हैं। वहीं मौके पर हटिया डीएसपी राजा मित्रा ने कहा कि बंद समर्थकों द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से दुकानों को बंद कराया। इधर, सुभाष मुंडा के शव का पोस्टमार्टम होने के बाद शव को दलादिली चौक के पास लाया गया। इसके बाद दोपहर में अंतिम संस्कार किया गया। नेता सह जमीन कारोबारी सुभाष मुंडा की अंतिम यात्रा में हजारों लोग शामिल हुए। सुभाष मुंडा के पिता ने मुखाग्नि दिया। लोगों का कहना था कि सुभाष मुंडा काफी लोकप्रिय थे। इस वजह से हर कोई उनकी अंतिम यात्रा में शामिल होना चाहता था।

## BRIEF NEWS

### रांची-बोकारो और धनबाद के लिए चलने वाली कई ट्रेनें आज रहेंगी रद्द

**RANCHI :** आद्रा मंडल में चल रहे इंटर लॉकिंग कार्य के कारण कुछ ट्रेनें रद्द की गयी है। रांची रेल मंडल ने इस संबध में सूचना जारी कर दी गयी है। जिसमें बताया गया है कि ट्रेन संख्या 13303 और 13304 धनबाद रांची धनबाद एक्सप्रेस ट्रेन की यात्रा 28 जुलाई को रद्द कर दी गयी है। वहीं ट्रेन संख्या 08695 और 08696 बोकारो स्टील सिटी रांची बोकारो स्टील सिटी पैसेंजर स्पेशल ट्रेन की यात्रा 28 जुलाई को रद्द की गयी है। इसके पहले भी रेलवे बोर्ड की ओर से कई प्रमुख ट्रेनों को रद्द किया था।

### जमीन पर काम करने के दौरान हुए विवाद में दोनों पक्षों ने दर्ज कराया मामला

**RANCHI :** सदर इलाके में रहने वाले दिपू ने महिला जया हेमरोम समेत कई लोगों पर जमीन पर काम रुकवाने और मारपीट करने के साथ साथ लूटपाट करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं दूसरी ओर महिला शनिचरिया ने भी दिपू और अन्य लोगों के खिलाफ मारपीट करने का मामला दर्ज कराया है। दिपू ने पुलिस को बताया कि वह जमीन पर काम कर रहे थे तभी अचानक से कई महिलाएं पहुंची और हंगामा करने लगी।

### मोबाइल छिनतई मामले में दो को पुलिस ने भेजा जेल

**RANCHI :** गोंदा थाना की पुलिस ने महिला अनामिका से मोबाइल छिनतई करने वाले दो आरोपी राजा कुमार और राजन कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दोनों आरोपियों के पास छिनतई किया हुआ मोबाइल बरामद कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि महिला अपने घर जा रही थी तभी दोनों आरोपी बुलेट से पहुंचे और मोबाइल छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी का फुटेज निकाला और दोनों आरोपियों की पहचान करते हुए उन्हें घर से गिरफ्तार कर लिया।

### झारखंड प्रयोगशाला सहायक प्रतियोगिता परीक्षा शुरू

**RANCHI :** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखंड प्रयोगशाला सहायक प्रतियोगिता परीक्षा 27 जुलाई 2023 से 12 अगस्त 2023 तक निर्धारित है। प्रथम पाली पूर्वाह्न 9.30 बजे से अपराह्न 12.30 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपराह्न 2.30 बजे से अपराह्न 5.30 बजे तक विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर हुई। परीक्षा केन्द्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने एवं विधि-व्यवस्था संधारण के लिए उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24 Roshpa Roshpa Tower, Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# धनबाद में पेड़ों की अवैध कटाई का मामला 11 साल बाद फिर पहुंचा झारखंड हाईकोर्ट

## वायु प्रदूषण से संबंधित याचिका के साथ 6 सितंबर को होगी दोनों मामलों की सुनवाई



**SPECIAL REPORTER RANCHI :** ग्रामीण एकता मंच द्वारा 11 साल बाद फिर से धनबाद में अवैध पेड़ कटाई को रोकने को लेकर जनहित याचिका दाखिल की है। इसकी सुनवाई गुरुवार को हुई। मामले में चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने धनबाद में वायु प्रदूषण से संबंधित जनहित याचिका को इसके साथ संलग्न करते हुए दोनों मामलों की सुनवाई एक साथ 6 सितंबर को करने का निर्देश दिया। दरअसल, ग्रामीण एकता मंच की ओर से सबसे पहले वर्ष 2008 में धनबाद में पेड़ों की अवैध कटाई को लेकर ग्रामीण एकता मंच की ओर से एक जनहित याचिका दाखिल की गई थी। जिसमें हाईकोर्ट ने धनबाद में पौधारोपण करने, बीसीसीएल को पेड़ पौधों को संरक्षित रखने सहित कई दिशा -निर्देश दिए थे। साथ ही मामले को वर्ष 2012 में यह कहते हुए निष्पादित कर दिया था कि अगर भविष्य में प्रार्थी को लगता है कि यदि पेड़ों की अवैध कटाई जारी है तो वह फिर से जनहित याचिका दाखिल कर सकता है। कोर्ट के इस आदेश के आलोक में जनहित याचिका दाखिल की गई है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता सौमित्र बारोई ने पैरवी की। याचिका में कहा गया है कि धनबाद के माइनिंग इलाकों में अवैध रूप से पेड़ काटे काटे जा रहे हैं । धनबाद में सघन वन नहीं है। ऐसे में अवैध रूप से पेड़ कटाई से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ेगा और पर्यावरण पर भी असर पड़ेगा।

### लॉकडाउन में पेड़ कटाई मामले में CID ने नहीं दाखिल किया जवाब, मांगा समय

**RANCHI :** लॉकडाउन के समय में झारखंड में वन विभाग द्वारा राज्य के कई जिलों में पेड़ काट दिए जाने की सीआईडी जांच की रिपोर्ट देने का आग्रह करने वाली कमलेश कुमार सिंह की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को हुई। मामले में सीआईडी की ओर से जवाब दाखिल नहीं हुआ, जवाब दाखिल करने के लिए सरकार की ओर से समय की मांग की गई। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 6 सितंबर निर्धारित की है। मामले में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने पिछली सुनवाई में सीआईडी से लॉकडाउन के समय पूरे राज्य में काटे गए पेड़ के संबंध में रिपोर्ट मांगी थी। लॉक डाउन के समय झारखंड के जामताड़ा, पलामू, चाईबासा, रांची आदि जिलों में वन विभाग की ओर से पेड़ काट दिए गए थे। इन काटे गए पेड़ों को 200 से अधिक ट्रकों में भरकर ले जाया गया था। कोर्ट को यह भी बताया गया था कि प्रार्थी ने पत्र लिखकर सीएम को लॉकडाउन में झारखंड में पेड़ काटे जाने की जानकारी दी थी, जिसके बाद सीएम ने डीजीपी को मामले में जांच करने का आदेश दिया था। लेकिन इसपर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। बाद में प्रार्थी द्वारा कई अन्य जगहों पर भी इसके संबंध में शिकायत की गई। जिसके बाद थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई, सीएम ने इसकी जांच सीआईडी से करने की बात कही थी।

### वेद प्रकाश प्रकरण में सरकार और अपीलकर्ता की बहस पूरी

**RANCHI :** वेद प्रकाश सिंह को रांची नगर निगम के वार्ड पार्षद पद से हटाए जाने मामले में एकल पीठ के द्वारा वेद प्रकाश के पक्ष में दिए गए आदेश के खिलाफ राज्य सरकार और अपीलकर्ता अभिषेक कुमार की अपील की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में अभिषेक कुमार एवं राज्य सरकार की ओर से बहस पूरी हो गई। अब प्रतिवादी वेद प्रकाश सिंह के बहस के लिए कोर्ट ने मामले की सुनवाई 3 अगस्त निर्धारित की है। मामले में राज्य सरकार ने भी हाईकोर्ट की एकल पीठ के आदेश को चुनौती दी है। दरअसल, अपीलकर्ता अभिषेक कुमार उस क्षेत्र के वोटर थे जहां से वेद प्रकाश ने वार्ड पार्षद का चुनाव जीता था। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। अभिषेक ने ही शिकायत की थी कि वेद प्रकाश सिंह ने अपने अपराधिक इतिहास को छुपाकर रांची नगर निगम क्षेत्र में वार्ड पार्षद के पद पर नॉमिनेशन फॉर्म भरा था।

### बकोरिया कांड में क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार

**RANCHI :** पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के बकोरिया में 8 जून 2015 को हुई बहुचर्चित कथित पुलिस-नक्सली मुठभेड़ मामले में जवाहर यादव ने सीबीआई कोर्ट में प्रोटेस्ट पिटीशन दाखिल किया है। गुरुवार को अदालत ने सीबीआई द्वारा दाखिल की गई कोलजर रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया, जिसके बाद कथित मुठभेड़ में मारे गए मृतक उदय यादव के पिता जवाहर यादव ने प्रोटेस्ट पिटीशन दाखिल की है। झारखंड हाइकोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने बकोरिया मुठभेड़ की जांच के लिए प्राथमिकी दर्ज की थी।

### बच्चू यादव मामले में कोर्ट ने मांगा मूल दस्तावेज

**RANCHI :** बच्चू यादव के खिलाफ क्राइम कंट्रोल एक्ट (सीसीए) लगाए जाने को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में गृह विभाग को बच्चू यादव के खिलाफ सीसीए लगाने से संबंधित मूल दस्तावेज को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 10 अगस्त निर्धारित की है। दरअसल राज्य सरकार ने सीसीए के तहत बच्चू यादव के खिलाफ डिटेंशन आर्डर पास किया था। बच्चू यादव के खिलाफ सरकार ने साहिबगंज के डीसी के आदेश के आलोक में 4 मार्च 2023 को सीसीए लगाया था। बाद में इसकी अवधि 3 महीना बढ़ा कर 3 जून 2023 की गई थी। उसके बाद फिर से 3 माह की अवधि विस्तार दिया गया है।

## 37 वें नेशनल गेम्स को लेकर खेल विभाग व संघों ने कसी कमर, खेल निदेशक ने की समीक्षा

**PHOTON NEWS RANCHI :** 25 अक्टूबर से 8 नवंबर तक गोवा में 37वां नेशनल गेम्स आयोजित किया जायेगा। इसको लेकर झारखंड ओलिंपिक संघ, खेल विभाग और खेल संघों ने कमर कस ली है। इसकी तैयारी को लेकर बुधवार को खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा की अध्यक्षता में एक संयुक्त बैठक हुई। जिसमें कई महत्वपूर्ण फैसले लिये गये। जिसे विभागीय अनुमोदन के लिए भेजा जायेगा। इसके बाद आगे की प्रक्रिया शुरू होगी। बैठक में झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन की तरफ से दिये गये प्रतिवेदन पर सभी की सहमति बनी। बैठक में सरोजिनी लकड़ा ने राज्य के खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि खेल विभाग नेशनल गेम्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन के लिये हर संभव सहायता करेगी। बैठक में खेल विभाग की निदेशक सरोजिनी लकड़ा, उप निदेशक साझा खाखा, झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ मधुकांत पाठक, शिवेंद्र दुबे, रजनीश कुनार, विजय शंकर सिंह, गुलाम रब्बानी, आशीष बोस, शैलेन्द्र दुबे, परमेश्वर महतो सहित कई उपस्थित रहे। नेशनल गेम्स के लिए क्वालीफाई हुए खिलाड़ियों के लिए तीन चरणों में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जायेगा। पहला चरण 21 अगस्त से 8 सितंबर, दूसरा 11 सितंबर से 30 सितंबर और तीसरे व फाइनल प्रशिक्षण शिविर 7 अक्टूबर से नेशनल गेम्स में भाग लेने के पूर्व तक जारी रहेगा। शिविर के पहले चरण में खिलाड़ियों को ट्रैक सूट और दो सेट ट्रेनिंग किट दिये जायेंगे। प्रशिक्षण शिविर का आयोजन रांची के विभिन्न स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। खिलाड़ियों के रहने और खाने की सभी सुविधाएं दी जायेंगी। खिलाड़ियों के लिए पौष्टिक आहार की भी व्यवस्था की जायेगी। इसके लिए खेल संघों को डाइट प्लान देने को कहा है। खिलाड़ियों के लिए फिजियो और मसाजर की भी व्यवस्था होगी। खिलाड़ियों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए मेडिकल की भी उचित व्यवस्था होगी। सभी का ग्रुप इंश्योरेंस की व्यवस्था भी की जायेगी।

### सीबीआई के फर्जी ईमेल से साइबर अपराधी मांग रहे अधिकारियों से पैसे

**RANCHI :** साइबर अपराधियों द्वारा सीबीआई के फर्जी ईमेल से अधिकारियों के नाम पर पैसे मांगे जा रहे हैं। इसको लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय प्रेस रिलीज जारी किया है। जारी प्रेस रिलीज में कहा गया है कि ऐसी कई फर्जी ईमेल में सीबीआई के अधिकारी होने का दावा किया जा रहा है और पैसे जमा करने की धमकी दी जा रही है। भारत सरकार ने ऐसा कोई ईमेल जारी नहीं किया है। यह दावा फर्जी है। सीबीआई ने इस तरह का मामला सामने आने पर रिपोर्ट दर्ज करने को कहा है। साइबर अपराधियों ने सीबीआई का फर्जी ईमेल बनाया है। इस ईमेल के जरिये आम लोगों को कहा जाता है कि आपने नाबालिक बच्चे की तस्वीर वायरल की है।

## ब्रेकअप के बाद अनमोल ने कर दी थी गर्लफ्रेंड की हत्या, कोर्ट ने ठहराया दोषी

**CRIME REPORTER RANCHI :** रांची के चर्चित सिल्की और अनुराग विश्वकर्मा हत्याकांड में सिविल कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। पुलिस द्वारा पेश किये गए साक्ष्य और गवाहों के आधार पर कोर्ट ने अनमोल वर्मा उर्फ अनमोल कांटी को दोषी करार दिया है। रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त आसिफ इकबाल की अदालत 31 जुलाई को दोषी को सजा सुनाएगी। वर्ष 2018 में अनुराग विश्वकर्मा की हत्या कर उसका शव रातू रोड कब्रिस्तान में दफना दिया गया था। इसके साथ ही नाबालिग सिल्की का शव भी रातू रोड कब्रिस्तान से ही बरामद हुआ था। रांची जिला पुलिस बल की महिला सिपाही शोभा गुरुंग ने युवती के शव की शिनाख्त की थी। जिसके बाद 11 जनवरी 2020 को मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। हत्या की घटना को 27 दिसंबर 2019 को अंजाम दिया गया था।

### मिड-डे-मील घोटाला : संजय समेत तीन के खिलाफ आरोप गठन एक अगस्त को

**RANCHI :** मिड डे मील की करोड़ों रुपये की राशि घोटाले के आरोपी संजय तिवारी, राजू वर्मा और सुरेश कुमार के खिलाफ 1 अगस्त को आरोप गठन किया जायेगा। गुरुवार को सुनवाई के दौरान रांची पीएमएलए प्रीवेन्शन ऑफ मनी लाउंड्रिंग एक्ट) की विशेष अदालत ने यह निर्देश दिया है। अदालत ने इस केस से जुड़े सभी आरोपियों को सशरीर कोर्ट के समक्ष उपस्थित रहने को कहा है। इससे पहले सीबीआई कोर्ट तीन अभियुक्तों के खिलाफ आईपीसी की धारा 409,420,120(बी) और पीसी एक्ट की धारा 13(2),(डी) के तहत आरोप गठित कर चुकी है। बता दें कि मिड डे मील के करीब 100 करोड़ एसबीआई धुर्वा ब्रांच से भानू कंस्ट्रक्शन के 34 खातों में अवैध तरीके से स्थानांतरित कर दिये थे।

## स्पेशल ब्रांच ने जारी की रिपोर्ट, कहा- इन स्थलों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल करें तैनात

# मुहर्रम पर 33 अतिसंवेदनशील और पांच संवेदनशील जगह चिह्नित

**CRIME REPORTER RANCHI :** स्पेशल ब्रांच ने मुहर्रम पर्व को लेकर रिपोर्ट जारी की है। रांची जिले के पांच शहरी थाना क्षेत्रों में 33 स्थानों को अतिसंवेदनशील स्थान के रूप में चिह्नित किया गया है। इसके अलावा चार थाना क्षेत्र में पांच स्थानों को संवेदनशील स्थान के रूप में चिन्हित किया गया है। इनमें लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कर्बला चौक, फतेहउल्लाह रोड स्थित फतेहउल्लाह मस्जिद, चिश्तियानगर, डोमटोली, आजाद बस्ती, कलाल टोली, काली मंदिर और चर्च रोड और डोरंडा थाना क्षेत्र का दर्जी मोहल्ला शामिल हैं।



इसके अलावा डेली मार्केट थाना क्षेत्र के महावीर मंदिर मेन रोड, छाता मस्जिद, राईन मस्जिद, राईन मोहल्ला, तस्लीम मस्जिद, तिवारी टैंक रोड, टैक्सी स्टैंड और हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के एकरा मस्जिद, बड़ा तालाब के पास सूर्य मंदिर, पहली गली स्थित महावीर मंदिर, फर्स्ट स्ट्रीट, सेकेंड स्ट्रीट, थर्ड स्ट्रीट, लेक रोड, नदी टोला, कुर्बान चौक, सरफराज चौक, निजामनगर और मोजाहिद नगर के साथ कोतवाली थाना क्षेत्र के जामा मस्जिद, हंडा मस्जिद अपर बाजार, शनि मंदिर, पुरानी रांची, गाड़ीखाना चौक शामिल है। चार थाना क्षेत्रों में पांच संवेदनशील स्थान हैं। इनमें बरियातू थाना क्षेत्र का बरियातू मस्जिद, सदर थाना क्षेत्र का बड़गाई चौक मस्जिद, अरगोड़ा थाना क्षेत्र का कडरू मस्जिद और कांके थाना क्षेत्र का सुकुरहट्टू और होचर शामिल है। इन स्थानों पर पैनी नजर रखने को कहा गया है। साथ ही इन स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की तैनाती करने को भी कहा गया है।

### माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

**RANCHI :** मुहर्रम को लेकर पुलिस मुख्यालय ने राज्य के 22 जिलों में अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है। वहीं इस दौरान सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था के साथ विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है। लाठी व महिला बल के साथ झारखंड सशस्त्र पुलिस बल की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। इन सुरक्षा बलों को मुहर्रम के दौरान गड़बड़ी करने वालों से सख्ती से निबटने को कहा गया है। सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़े की कोशिश करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि पूरे राज्य में मुहर्रम का जुलूस 29 जुलाई को निकाला जाएगा। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस मुख्यालय ने रांची, हजारीबाग, कोडरमा, खुंटी, गढ़वा, गिरिडीह, गुमला, गोड्डा, चतरा, जामताड़ा, धनबाद, पलामू, पश्चिमी सिंहभूम, पाकुड़, पूर्वी सिंहभूम, बोकारो, रामगढ़, लातेहार, लोहरदग्गा, सराइकेला खरसावाँ, साहिबगंज, सिमडेगा में करीब 2500 अतिरिक्त फोर्स की तैनाती करेगी। इसमें जिला बल, जैप, रैफ, सैफ, आइआरबी और बीडीडीएस की टीम शामिल है। डीजीपी के आदेश पर आईजी अभियान ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। आदेश के अनुसार जवानों को सभी जवान सुरक्षा उपकरणों के साथ तैनात करने के लिये कहा गया है।

## 17 महीने से दिल्ली में बंधक रांची की नाबालिग को कराया गया मुक्त

**CRIME REPORTER RANCHI :** 17 महीने से दिल्ली के आदर्श नगर में बंधक रांची की नाबालिग लड़की को पुलिस ने मुक्त कराया है। चाइल्ड राइट फाउंडेशन रांची,दिल्ली पुलिस ,महिला आयोग दिल्ली,शक्ति वाहिनी एनजीओ के सहयोग से गुरुवार को मुक्त कराया गया है। इसे लेकर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना रांची में मामला दर्ज कराया गया था। लड़की को दिल्ली में जबरन घर में बंधक बनाकर रखा गया था। 17 महीने से उससे काम कराया जा रहा था, लेकिन बदले में उसे कोई पैसा नहीं दिया जा रहा था। नाबालिग को रेस्क्यू करने में चाइल्ड राइट्स फाउंडेशन रांची के बैद्यनाथ कुमार और चंदन कुमार की मुख्य भूमिका थी। दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक, रांची के धुर्वा क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग लड़की को 6 दिसंबर 2021 को एक महिला और कुछ लोग अपने साथ दिल्ली ले गए थे। वहां उसे तीन दिन कमरे में बंद रखा गया। फिर उसे दिल्ली में किसी व्यक्ति को बेच दिया गया था। मौका देखकर लड़की ने अपने भाई को फोन का और सारी बात बतायी। उसने बताया कि वह दिल्ली के आदर्श नगर शनिचरिया रोड में एक घर में काम करती है। जहां उसे घर से बाहर निकलने नहीं दिया जाता है। बताया कि, घर के मालिक जब बाहर जाता है तो उसे घर में ही बंद कर दिया जाता है। फिर उसने अपने भाई से खुद को बचाने की बात कही।

# हजारीबाग में SBI का ATM मशीन को उखाड़ ले गए अज्ञात चोर

## CCTV कैमरों पर छिड़का कलर SPRAY उसके बाद दिया दिया घटना का अंजाम

- एटीएम में था 1811500 कैश
- एटीएम के पास खड़ी मकान मालिक की सवारी गाड़ी भी चोरी



घटना स्थल पर पुछताछ करती पुलिस • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS HAZARIBAGH:** हजारीबाग जिले के बरही थाना अंतर्गत बरसोत चौक के पास जीटी रोड़ किनारे स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का एक एटीएम मशीन को ही अज्ञात चोरों ने बुधवार बीती मध्य रात्रि में उखाड़ ले गए। अधिकारियों के अनुसार इस एटीएम में 18 लाख 11500 रुपये कैश भरा हुआ था। इतना ही नहीं एटीएम कक्ष के बाहर मकान मालिक की खड़ी सवारी गाड़ी (संख्या -बीआर 48 - 7707) को भी चोरों ने नहीं छोड़ा, उसे भी चुरा ले गए। उक्त एटीएम बरसोत चौक निवासी मनोज कुमार उर्फ मणिलाल (पिता स्व. मुरली महतो) के घर में था। भाड़े के घर मे चल रहे इस एटीएम की सुरक्षा के लिए कोई सुरक्षा प्रहरी नहीं रखा गया था। मकान मालिक मनोज कुमार ने बताया कि करीब एक साल से उनके घर में एटीएम चल रहा है। इसमें गार्ड नहीं रहता है। प्रतिदिन की तरह बुधवार को भी वे रात्रि करीब 10 बजे एटीएम का सटर बंद कर अपने घर मे खाना खाने के बाद सो गए। गुरुवार की सुबह करीब 6 बजे जब वे सोकर उठे तो देखा कि उनकी सवारी गाड़ी घर के बाहर नहीं है और एटीएम का सटर का ताला टूटा है, सटर को गिरा कर छोड़ दिया गया है। उसके बाद उन्होंने एटीएम कक्ष का सटर को उठाकर देखा तो दंग रह गए, चोरों ने न सिर्फ उनकी गाड़ी चोरी किए हैं बल्कि पूरे एटीएम को ही उखाड़ ले गए हैं। उन्होंने त्वरित रूप से सबसे पहले इसकी सूचना बरसोत के मुखिया मोतीलाल चौधरी को दी। देखते ही देखते आसपास के ग्रामिणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। मुखिया द्वारा तुरंत इसकी सूचना दूरभाष से बरही थाना को दिया गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रोहित कुमार सिंह दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। उसके तुरंत बाद एसडीओ पूनम कुजूर व एसडीपीओ नाजिर अख्तर भी घटना स्थल पर पहुंचे।

**कलर स्प्रे मारकर सीसीटीवी कैमरों को किया खराब**

एटीएम कक्ष में लगे सीसी कैमरे के फुटेज के अनुसार दो चोर मुंह ढक कर रात्रि 12.20 बजे एटीएम कक्ष के अंदर प्रवेश किया था। उसके बाद सबसे पहले एटीएम मशीन में लगे कैमरे एवं कक्ष में लगे कैमरों को काली रंग की स्प्रे मार कर उसे ढक दिया। बताया गया कि एसबीआई बैंक की उक्त एटीएम का सर्विस प्रोवाइडर हिटैची कंपनी है उसी के माध्यम से यह एटीएम संचालित होता है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे हिटैची के चैनल एजुकेटिव तनवीर सिंह से पूछे जाने पर बताया कि एटीएम मशीन उखाड़कर चोरों द्वारा ले जाना काफी आश्चर्य की बात है। एटीएम का वजन करीब 6 क्विंटल रहता है। इसके सुरक्षा के लिए कई उपकरण भी लगाए गए हैं। चोरों ने सीसी कैमरा को कलर स्प्रे कर ढक दिया व कई तार भी काट दिया। साथ ही एटीएम मशीन के पीछे कक्ष में सुरक्षा की दृष्टि से लगाए गए उपकरण का वायर कनेक्शन को भी काट दिया। एटीएम के पीछे वाली कक्ष में भी एक कैमरा लगा था, उसे भी कलर स्प्रे मार कर बेकार कर दिया गया। घटना की जानकारी उन्होंने अपने वरीय पदाधिकारियों को दे दी है।

**जांच में जुटी पुलिस**

डीएसपी नाजिर अख्तर व बरही थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रोहित कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता पूर्वक छानबीन की जा रही है। पुलिस कई बिंदुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

## नवविवाहिता की संदिग्ध हालात में हुई मौत आक्रोशित लोगों ने ससुराल में की तोड़फोड़



**PHOTON NEWS KODERMA:** जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के झुमरी में एक नवविवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने जमकर हंगामा किया और उसके ससुराल में जाकर तोड़फोड़ की। उसके ससुराल वाले फरार हैं।

विवाहिता के मायके वालों को यह सूचना मिली थी उनकी बेटी अंजलि ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है लेकिन जब उसके परिजन उसके ससुराल पहुंचे तो पाया कि अंजली के गले में निशान है और उसका शव बिस्तर पर पड़ा हुआ है। इसी साल 11 मार्च को चाराडीह के पुतो की रहने वाली अंजली का विवाह सुमन उर्फ अनु से हुआ था। शादी के महज चार महीने के बाद ही विवाहिता की मौत से उसके परिजनों में उबाल है।

परिजनों के अनुसार काफी दान दहेज देकर अंजली का विवाह सुमन से कराया गया था लेकिन शादी के बाद पता चला कि सुमन मुंबई में किसी और लड़की को साथ रखे हुए है। इससे विवाद शुरू हो गया। कई बार पंचायत भी हुई और सुलह कराया गया। सुलह के बाद पांच दिन पहले ही अंजलि मायके से ससुराल आई थी।

लोगों के हंगामे को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल को बुलाया गया और काफी मशक्कत के बाद आक्रोशित लोगों ने पुलिस को शव उठाने दिया। लोगों का कहना था कि अंजलि ने आत्महत्या नहीं की है, बल्कि उसकी हत्या कर उसे आत्महत्या का स्वरूप दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## BRIEF NEWS

### भूमि विवाद में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों को भेजा जेल



**CHATRA:** थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव में दो पक्षों के बीच हुए जमीन विवाद के बाद जोत कोड करने को लेकर मारपीट हो गई इसको लेकर नावाडीह गांव के रहने वाले राजकुमार यादव की पत्नी रीता देवी के द्वारा प्रतापपुर थाने में आवेदन देकर कई लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। दिए गए आवेदन के आलोक में प्रतापपुर थाना में कांड संख्या 109/23 दर्ज की गई थी । इस प्राथमिकी के आलोक में गुरुवार को पुलिस द्वारा छापेमारी अभियान चलाकर चार अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त में केदार यादव पिता बिलेश यादव,रामरतन यादव पिता करण यादव, बिनोद यादव पिता बिलेश यादव, पप्पू यादव पिता मुकेश यादव का नाम शामिल है।

### 5000 बजरंगियों के साथ शौर्य जागरण यात्रा का होगा शुभारंभ : भवानी सिंह



**CHATRA:** मुख्यालय स्थित डाक बंगला में विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से बजरंग दल विभाग सहसंयोजक भवानी सिंह जिला मंत्री सुधीर कुमार, विशेष संपर्क प्रमुख पंकज उर्फ लड्डू सिंह, जिला संयोजक अंकित पाण्डेय, दुगार्वाहिनी जिला संयोजिका शौर्या सिंह जी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य विहिप बजरंगदल की समितियों को प्रखंड के 28 पंचायतो तक पहुँचाना था। विभाग सह संयोजक भवानी सिंह ने बताया कि 29 सितम्बर से 8 अकटुबर तक चलने वाले शौर्य जागरण यात्रा में पूरे चतरा जिले भर से 5000 बजरंगियों का आगमन चतरा जिला मुख्यालय से सिमरिया,टंडवा के लिए रवाना होगी। जिला मंत्री सुधीर कुमार ने विहिप एवम बजरंगदल की आगामी कार्यक्रम के बारे मे विस्तार से बताया और उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस एवं अखण्ड भारत संकल्प दिवस को पूरे प्रखंड में धूम धाम से मनाया जाएगा बैठक में मुख्य रूप से जिला सहसंयोजक शुभम पाठक,प्रखड अध्यक्ष विष्णुधारी साव प्रखंड उपाध्यक्ष बिनोद मल्लाह प्रखंड मंत्री बीटू सिंह प्रखंड संयोजक अमित श्रीवास्तव सहसंयोजक राहुल सिंह ,राकेश कुमार यादव ,वेदप्रकाश यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नकुल महतो के नेतृत्व में 60 लोग झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति में हुए शामिल



**HAZARIBAGH:** बड़कागांव झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति की बैठक बड़कागांव में हुई। इसकी अध्यक्षता मिथिलेश कुमार महतो ने किया। जबकि संचालन नकुल महतो ने किया। बैठक में मणिपुर मामले को लेकर कड़ी भरत्स्ना की गई।वक्ताओं ने कहा कि सरकार एवं सुप्रीम कोर्ट इस पर कानूनी कार्रवाई जल्द करें। अन्यथा हम लोग भी यहां से आंदोलन करेंगे। झारखंडी भाषा खतीयानी संघर्ष समिति के नेता नकुल महतो के नेतृत्व में झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति मे विभिन्न दलों को छोड़कर 60 कार्यकर्ता शामिल हुए। जिनमें से अधिवक्ता विक्रम कुमार, राहुल कुमार, छोटू गंझू, पवन कुमार, टुसु कोयरी, लखपतिया देवी सुषमा देवी,सुषमा एक्का,जस फुल कर-केट्टा,अनीता गंझू, सुनीता देवी, सुनैना कुमारी, उर्मिला कुमारी, सहदेव गंझू समेत 60 लोगों ने जयराम महतो के हाथों को मजबूत करने का संकल्प लिया। मौके पर नकुल मेहता ने कहा कि झारखंड राज्य अलग हुए 23 वर्ष हो गया लेकिन आज तक मूल झारखंड वासियों को पूर्ण रूप से अधिकार नहीं मिला।

## नई एसपी रिष्मा रमेशन ने किया पदभार ग्रहण



पदभार ग्रहण करतीं एसपी रिष्मा रमेशन • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS PALAMU:** एसपी कार्यालय में 70वें पुलिस अधीक्षक के रूप में रिष्मा रमेशन ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने कार्यभार सौंपा। पलामू जिले में पहली बार महिला आईपीएस ने बतौर पुलिस अधीक्षक अपनी सेवा दी है। इससे पहले पलामू समाहरणालय पहुंचने पर आईपीएस अधिकारी रिष्मा रमेशन को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मौके पर एएसपी ऋषभ गर्ग मुख्य रूप से उपस्थित थे। पदभार ग्रहण से पहले निवर्तमान पुलिस अधीक्षक और सहायक पुलिस अधीक्षक ने गुलदस्ता भेंट कर नए पुलिस अधीक्षक का स्वागत किया। नए एसपी ने पदभार ग्रहण करने के बाद उपस्थित पुलिसकर्मियों और पत्रकारों से भी बातचीत की। कार्यालय कर्मियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि पलामू जिले में सोशल एवं बेसिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने के लिए हर स्तर पर कोशिश की जाएगी। अपराधियों और उग्रवादियों के साथ-साथ नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस जिले के लोग भयमुक्त माहौल में रहे, इसके लिए हर संभव प्रयास पुलिस की ओर से किया जाएगा। चुनौती के मुद्दे पर नये एसपी ने कहा कि हर प्रोफेशन में चुनौती मिलती है। पुलिस सेवा में भी चुनौती है, लेकिन चुनौतियों को लेते हुए कार्य करने में ही आनंद आता है। लड़कियों को मैसेज देते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अगर उन्हें लगता है कि वे बेहतर मुकाम हासिल कर सकती हैं तो उन्हें अपना प्रयास जारी रखना चाहिए। मुहर्रम को लेकर उन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से और आपसी भाइचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी तरह की विद्वेष की भावना न रखें। सोशल मीडिया के मॉनिटर करने के मामले में कहा कि हर जिले में एक स्पेशल सेल होता है।

इस जिले में भी होगा। उन्होंने सभी लोगों से इस मुद्दे पर सहयोग की अपील की। पलामू की पहली महिला आइपीएस होने के कारण महिलाओं एवं लड़कियों के लिए कुछ नया देखने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी मेल हो या फिमेल, उसे सभी के हित में कार्य करने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस के दरवाजे सबके लिए खुले हैं। स्पेशल किसी जेंडर के हित में सोच नहीं रखते। इससे पहले आईपीएस अधिकारी रिष्मा रमेशन धनबाद जिले में ग्रामीण एसपी के पद पर कार्यरत थी।

## रामगढ़ जिले के 13वें उपायुक्त के रूप में चंदन कुमार ने किया पदभार ग्रहण



**RAMGARH:** गुरुवार को जिला समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में रामगढ़ जिले के 13 वें उपायुक्त के रूप में चंदन कुमार ने निवर्तमान उपायुक्त माधवी मिश्रा से विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत मीडिया प्रतिनिधियों से बात करने के क्रम में उपायुक्त चंदन कुमार ने कहां की सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारना, शिक्षा व स्वास्थ्य के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में रामगढ़ जिले का विकास सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता होगी।

## पलामू में डूबने से मृत छह बच्चों के परिजनों को मिलेंगे चार-चार लाख, उपायुक्त ने दी स्वीकृति



**PHOTON NEWS PALAMU:** जिले के चैनपुर एवं सदर मेदिनीनगर अंचल अंतर्गत पानी में डूबने से मृत चार छात्राओं समेत छह बच्चों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये दिए जायेंगे। उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने गुरुवार को इसकी स्वीकृति दे दी है। उपायुक्त ने अंचलों से प्राप्त अभिलेखों पर स्वीकृति प्रदान करते हुए गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग से आवंटन प्राप्त होते ही सभी मृतक के आश्रितों को सहायता राशि-अनुग्रह अनुदान की राशि भुगतान करने निर्देश दिया है।

उल्लेखनीय है कि चैनपुर अंचल अंतर्गत उलडंडा गांव निवासी अवधेश उरांव की पुत्री अर्चना कुमारी एवं अराधना कुमारी, एतवा मुंडा की पुत्री सलमी कुमारी तथा मुकेश खाखा की पुत्री छाया खाखा की मौत एक ही दिन 20 जुलाई को एक सरजा स्थित नीलाम्बर पीताम्बर हाई स्कूल के पीछे आहर (पानी) में डूबने से हो गई थी। सभी छात्राएं स्कूल से घर लौट रही थीं।

इनके अलावा दो फरवरी को चैनपुर अंचल के महुगांवा गांव निवासी गुड्डू पासवान का पुत्र आनंद कुमार पासवान की मौत डोभा में डूबने से हो गई थी। सदर मेदिनीनगर अंचल के बारालोटा निवासी मोनी कुमार के पुत्र अमन राज का निधन 9 जुलाई को डैम में डूबने से हो गई थी।

पलामू के जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी जयराम सिंह यादव ने बताया कि गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जलप्रपात एवं नदी में डूबने से मृत्यु को स्थानीय प्राकृतिक आपदा घोषित किया गया है। पानी में डूबने की घटना को राज्य की विशिष्ट स्थानीय आपदा घोषित किया गया है।

### मुख्य संयोजक मंडली की बैठक में लिया गया निर्णय

## पंचायत और प्रखंड कमेटी के बाद जिला कमेटी का किया जाएगा चुनाव





झामुमो जिला मुख्य संयोजक मंडली की बैठक में उपस्थित कार्यकर्ता • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS HAZARIBAG:** हजारीबाग जिला परीसदन भवन में झामुमो जिला मुख्य संयोजक मंडली का बैठक किया गया जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित हजारीबाग जिला के मुख्य संयोजक मंडली संजीव कुमार बेदिया, कमल नारायण सिंह, राज किशोर मुर्मू ,सोनाराम मांझी, नीलकंठ महतो के द्वारा निर्णय लिया गया है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमेटी से पहले पंचायत और प्रखंड कमेटी के बाद जिला कमेटी का चुनाव किया जाएगा मौके पर उपस्थित झामुमो केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदिया, झामुमो केंद्रीय सदस्य कमल सिंह, सोनाराम मांझी तेकोचंद् महतो ,राज किशोर मुर्मू, नीलकंठ महतो ,संजय सिंह नईम राही, सुमेर बेसरा, ब उमेश प्रसाद ,मोहम्मद मोनू ,इत्यादि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### मुहर्रम पर्व के दौरान शोशल मीडिया पर पुलिस की होगी पैनी नजर

## त्यौहार के दौरान शांति-सौहार्द भंग करने वालों पर होगी कानूनी कार्रवाई : एसपी राकेश रंजन



**PHOTON NEWS CHATRA:** पुलिस कप्तान राकेश रंजन ने मुहर्रम पर्व पर जिला वासियों से अपील की है कि सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। 29 जुलाई को मोहर्रम है। इस अवसर पर जिले में मोहर्रम का जुलूस निकाला जाता है। चतरा पुलिस आम नागरिकों से अपील की है कि मुहर्रम पर्व आपसी भाईचारे, शांति और सद्भाव के साथ मनायें। किसी भी समुदाय, व्यक्ति विशेष, धर्म , समाज को ठेस पहुँचाने वाले संगीत गाने का प्रयोग ना करें। किसी भी प्रकार के धार्मिक भावनाओं को भड़काने ठेस पहुँचाने वाले तथ्यहीन संदेश, अप्रमाणिक जानकारी, भ्रामक मैसेज, तस्वीर, बीडियो इत्यादी फेसबुक, ट्विटर, वाट्सएप्प, इंस्टाग्राम, यूट्यूब आदि पर अपलोड या शेयर न करें। जिससे शांति व्यवस्था, विधि-व्यवस्था भंग होने की संभावना हो । चतरा पुलिस सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखे हुए है। उल्लंघन करने वाले लोगों के विरूद्ध विधि सम्मत सख्त। कानूनी कार्रवाई की जायेगी। किसी भी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान न दें तथा अफवाह फैलाने वाले लोगों की सूचना अबिलंब डायल 100,112 पर या नजदीकी थाना या ओपी को दें। चतरा पुलिस आपकी सेवा में सदैव तत्पर है। कंट्रोल रूम मोबाइल नंबर (बाट्सअप कॉल)-6207273658 पुलिस अधीक्षक, चतरा मोबाइल नंबर।-9431706359 पुलिस उपाधिक्षक (मो.) चतरा- 8757836902 अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी. चतरा- 9431706362 अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सिमरिया-9113191488 अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी। टंडवा 9304981277 उक्त अपील पुलिस कप्तान राकेश रंजन ने जिले के अमनपसंद नागरिकों से की है।

### पीड़ित ने चार लोगों के खिलाफ रामगढ़ थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी

## रामगढ़ में दबंगों ने आदिवासी युवक को पीटकर किया अधमरा



घटना की जांच करती पुलिस • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAMGARH:** रामगढ़ थाना क्षेत्र के कोठार स्थित कल्याणी ढाबा में एक आदिवासी युवक दीपक मुंडा की इस कदर पिटाई की गई कि वह अधमरा हो गया। इस मामले में दीपक मुंडा ने पतरातू बस्ती निवासी गणेश सिंह के पुत्र अमन सिंह, आदित्य सिंह, सुबोध सिंह के पुत्र दारू सिंह और बंगाली टोला निवासी गर्जन यादव के पुत्र अंकित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दीपक ने पुलिस को बताया कि वह मूल रूप से गोला थाना क्षेत्र के साडम गांव का निवासी है। बुधवार की रात घर लौट रहा था। इस बीच अमन सिंह, आदित्य सिंह, अंकित और दारू सिंह ने मिलकर उसके साथ जमकर मारपीट की। किसी तरीके से दीपक और उसके रिश्तेदार हितलाल मुंडा ने जान बचाई और वे लोग रामगढ़ थाना पहुंचे। रामगढ़ पुलिस ने उन लोगों को सदर अस्पताल भेजा।

**48 घंटों के अंदर हो गिरफ्तारी, नहीं तो आजसू पार्टी करेगी आंदोलन**

आदिवासी समाज के युवक दीपक मुंडा पर हुए जानलेवा हमले को लेकर आजसू पार्टी ने भी रामगढ़ पुलिस को चेतावनी दी है। पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार दांगी ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रामगढ़ पुलिस को 48 घंटे का समय दिया है। उन्होंने कहा है कि यदि 48 घंटों के अंदर आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो पार्टी आंदोलन करेगी। दिलीप दांगी ने कहा कि अनुसूचित जनजाति महासभा के गोला प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार मुंडा के ऊपर जानलेवा हमले की पार्टी कड़ी निंदा करती है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के केंद्रीय सचिव निरंजन मुंडा, नगर परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष योगेश बेदिया, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेश करमाली, जिला कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप बेदिया, आजसू पार्टी जिला उपाध्यक्ष पवन करमाली, आजसू पार्टी जिला सह सचिव बबलू करमाली, नगर कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप वर्मा मौजूद थे।

**आदिवासी समाज ने किया रामगढ़ थाने का घेराव**

दीपक मुंडा पर हुए जानलेवा हमले के बाद आदिवासी समाज के लोगों ने रामगढ़ थाने का घेराव किया। इस दौरान समाज के लोगों ने कहा कि आरोपितों को तत्काल गिरफ्तार करना होगा। यदि 24 घंटे के अंदर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो रामगढ़ जिले के तमाम आदिवासी चक्का जाम करेंगे। रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार ने बताया कि आदिवासी युवक पर जानलेवा हमले के मामले में तत्काल कांड संख्या 184/23 दर्ज किया गया है। इस मामले में जितने भी आरोपित हैं उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## डुमरी प्रखंड सभागार में पंचायत स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**PHOTON NEWS GUMLA:** विकास भारती बिशुनपुर द्वारा झारखण्ड हाई इम्पैक्ट मेगा वाटरशेड परियोजना (जीवी दाः हासा) के डुमरी प्रखण्ड सभागार में आयोजित पंचायत स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। प्रशिक्षण की शुरूआत दिनांक 24 जुलाई 2023 को डुमरी प्रखण्ड सभागार में हुई। प्रशिक्षण का उद्देश्य डुमरी प्रखण्ड के चार पंचायतो के 32 गांवों का वाटरशेड सिद्धांत पर जीआईएस आधारित डीपीआर का निर्माण करना है। प्रशिक्षण की शुरूआत प्रतिभागियों के स्वागत एवं परिचय से हुआ। प्रखण्ड प्रमुख जीवंती एक्का ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण आप सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके बाद आप सभी को अपने अपने गांव का जीआईएस आधारित (डीपीआर) बनाना है। प्रशिक्षण में आप सभी मन लगाकर अच्छे से सीखें ताकि हमारे गांव का जीआईएस आधारित डीपीआर बन सके। उन्होंने कहा कि आपकी सहायता के लिए विकास भारती बिशुनपुर की टीम है। मुझे आशा है कि आप सभी के सहयोग से डुमरी पंचायत के सभी गांव का जीआईएस आधारित डीपीआर का निर्माण होगा। विकास भारती बिशुनपुर के टीम लीडर राम कुमार चौधरी ने जीवी दाः हासा परियोजना के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी एवं तीन दिनों के प्रशिक्षण कार्यक्रम बारे में विस्तृत जानकारी दी। जीवी दाः हासा परियोजना एवं जल छाजन पर विडियो फिल्म भी दिखाया गया जिसमे जीवी दाः हासा परियोजना के उद्देश्यों एवं उससे होने वाले लाभ, जल एवं मिट्टी संरक्षण के बारे में बताया गया है। जल एवं मिट्टी संरक्षण के किस प्रकार के योजनाओ का निर्माण करना चाहिए, उसकी विस्तृत जानकारी दी गयी। दुसरे सत्र में मनरेगा कानून 2005 के बारे में बताया गया एवं इस पर आधारित एक विडियो फिल्म दिखाया गया। प्रशिक्षण के तीसरे सत्र में लैंड यूज प्लान, ड्रेनेज लाइन ट्रीटमेंट प्लान एवं लाइवलीहुड एसेट प्लान के तहत लिए जाने वाले विभिन्न प्रकार के योजनाओं के बारे में पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गयी। मिट्टी के प्रकार एवं उसके ढलान के आधार पर किन योजनाओ का चयन किया जाना है, इसकी विस्तृत जानकारी दी गयी। सत्र के अंत में ओडीके मोबाइल एप्प सभी प्रतिभागी में मोबाइल में डाउनलोड करके इंस्टॉल कराया गया और उसके उपयोग की जानकारी दी गयी।

# IAS MANJUNATH BHAJANTRI ने संभाली पूर्वी सिंहभूम की कमान

## पिछले कार्यकाल में दो बार लिया एक जिले का पदभार, सांसद ने दिल्ली में दर्ज कराया था केस

**JAMSHEDPUR :** वर्ष 2011 बैच के आईएएस अधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री ने गुरुवार को जमशेदपुर स्थित समाहरणालय में पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त का पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने निवर्तमान उपायुक्त विजया जाधव से पदभार लिया। मंजूनाथ भजन्त्री इससे पहले देवघर के उपायुक्त थे। मूल रूप से कर्नाटक के बेलगाम जिले के रहने वाले इस आइएएस अधिकारी ने आईआईटी बॉम्बे से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। शुरूआती पढ़ाई के दौरान वह स्कूल टॉपर रहे हैं।

देवघर में अपने कार्यकाल के दौरान भजन्त्री अक्सर अलग-अलग वजहों से सुर्खियों में बने रहे। गोड्डा के सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने बतौर नौकरशाह मंजूनाथ की कार्य प्रणाली की शिकायत गृह मंत्रालय तक में की।

देवघर में पदस्थापना के दौरान मंजूनाथ भजन्त्री ने एक ही जिले में दो बार उपायुक्त पद का पदभार संभाला। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस लौटने के तत्काल बाद मंजूनाथ को देवघर का डीसी बनाया गया था। उन्होंने नैंसी सहाय से पदभार ग्रहण किया था। इस बीच गोड्डा के भाजपा सांसद डॉ निशिकांत दुबे के साथ उनका विवाद शुरू हो गया।

सांसद की पत्नी के नाम पर खरीदी गई जमीन की रजिस्ट्री रद्द करने के बाद विवाद बहुत बढ़ गया। मामला झारखंड हाईकोर्ट तक पहुंच गया। इस बीच देवघर में हुए उपचुनाव में बतौर जिला निर्वाचन पदाधिकारी उनके क्रियाकलाप की शिकायत चुनाव आयोग से की गई। लिहाजा चुनाव आयोग ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए उन्हें उपायुक्त पद से हटा दिया। उनकी जगह पर फिर नैंसी सहाय को उपायुक्त बनाकर भेजा जाए। चुनाव में लागू आचार संहिता खत्म होने के बाद सरकार ने एक बार फिर उपायुक्त पद पर उनका पदस्थापन देवघर में कर दिया।



पुष्प गुच्छ देकर मंजूनाथ भजंत्री का स्वागत करतीं विजया जाधव। • फोटोन न्यूज

देवघर में विवादों का सिलसिला यहीं नहीं थमा। देवघर में नवनिर्मित एयरपोर्ट के संवेदनशील कक्ष में गोड्डा के सांसद डॉ निशिकांत दुबे, दिल्ली के सांसद और गायक मनोज तिवारी तथा दो बच्चों की बिना अनुमति एंट्री को बड़ा लेकर विवाद हुआ। इसमें एक तरफ जहां बतौर डीसी मंजूनाथ ने आपत्ति जतायी। वहीं मंजूनाथ, देवघर पुलिस के खिलाफ दिल्ली में केस दर्ज करा दिया। वहीं सांसद व अन्य लोगों के खिलाफ देवघर में केस दर्ज किया गया। इस मामले में भी वह राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में आए थे। कई लोगों ने जहां इस विवाद में आइइएस मंजूनाथ की कार्यशैली की सराहना की थी। वहीं कई लोगों ने उन पर मौजूदा राज्य सरकार के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया था। बतौर डीसी पूरे घटना को लेकर किया गया उनका ट्वीट काफी वायरल हुआ था।

मंजूनाथ के देवघर में डीसी रहते हुए ही त्रिकूट पर्वत पर रोप-वे हादसा हुआ था। इसमें रोप-वे खराब होने के कारण 50 लोग हवा में लटक गए थे। करीब 45 घंटे से अधिक समय तक चले ऑपरेशन के बाद सेना और स्थानीय लोगों की मदद से लोगों का रेस्क्यू किया गया था। इसमें 3 लोगों की मौत हुई थी। बाद में सरकार ने इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई थी।

देवघर से जुड़े एक मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने बतौर देवघर उपायुक्त मंजूनाथ को सशरीर कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया था। उन्हें मामले की सुनवाई के दौरान ही उसी तिथि को शाम तक कोर्ट में मौजूद होने के लिए कहा गया था। न्यायालय के आदेश पर मंजूनाथ आनन-फानन में देवघर से रांची पहुंचे थे।

आईएएस मंजूनाथ संवैधानिक अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर ट्वीट करते रहते हैं। वह बाबा साहब आंबेडकर को अपना आदर्श मानते हैं। बाबा साहब की ओर से संविधान के बारे में की गई टिप्पणी को मंजूनाथ ने ट्विटर पर कई बार कोट किया है।

## डीसी ने वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक में की विधि व्यवस्था की समीक्षा

**JAMSHEDPUR :** नवपदस्थापित उपायुक्त ने कहा कि जिले में विधि व्यवस्था का बेहतर संधारण एवं विकास कार्यो का सफल क्रियान्वयन उनकी प्राथमिकता होगी । उन्होने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का समयबद्ध रूप मे धरातल पर उतारने का प्रयास रहेगा ताकि सभी सुयोग्य व्यक्ति तथा समाज के अंतिम छोर तक विकास योजनाओं को पहुंचाया जा सके । उन्होने कहा कि पंचायत को सशक्त बनाने तथा प्रखंड एवं अंचल कार्यालय की सक्रियता बढ़ाने तथा अनुशासित रखने पर विशेष बल रहेगा ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को योजनाओं का लाभ सुगमता से पहुंचाया जा सके, किसी कार्य के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े। उन्होने कहा कि विकास कार्यों के केन्द्र बिन्दू में पंचायत रहेंगे ।इस अवसर पर निवर्तमान उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने कहा कि उपायुक्त के रूप में पूर्वी सिंहभूम जिला में पहला पदस्थापन था, कई अच्छी यादें इस जिले की हमेशा साथ में रहेंगी । विकास कार्यों का क्रियान्वयन उनकी पहली प्राथमिकता रही, जिले ने कई इंडिकेडर में बेहतर किया है, कुछ पाइपलाइन में हैं जिसका अपेक्षित परिणाम आने वाले दिनों में जरूर परिलक्षित होंगे। पदभार ग्रहण के पश्चात नव पदस्थापित उपायुक्त ने समाहरणालय सभागार में एसएसपी प्रभात कुमार, डीडीसी मनीष कुमार, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, एडीसी जयदीप तिग्गा समेत अन्य वरीय एवं विभागीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विधि व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होने कहा कि 29 जुलाई को मनाये जाने वाले मुहर्रम के त्यौहार को लेकर सभी थाना क्षेत्रों में शांति समिति एवं जिला स्तरीय केन्द्रीय शांति समिति की बैठक हो चुकी है। उन्होने स्पष्ट कहा कि जिले में शांतिपूर्ण तरीके एवं आपसी सौहार्द्र के वातावरण में त्यौहार मनाये जाएं, राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शांति एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए दण्डाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों तथा पुलिस बल के प्रतिनियुक्ति का संयुक्त आदेश जारी हो चुका है। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी अनुशासित तरीके से ससमय ड्यूटी स्थल पर अपने वरीय को रिपोर्ट करेंगे, बिना पूवार्नुमति के ड्यूटी से गायब नहीं रहेंगे और ना ही जिला मुख्यालय छोड़ेंगे। उन्होने पदाधिकारियों के बीच परस्पर संवाद पर बल देते हुए कहा कि किसी भी तरह से संवादहीनता की स्थिति नहीं होनी चाहिए, किसी भी प्रकार की कोई घटना घटित हो तो वरीय पदाधिकारियों को तत्काल सूचित करेंगे । साथ ही सोशल मीडिया की निगरानी का निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार से भ्रामक खबरों का प्रसार नहीं होने पाए जिससे विधि व्यवस्था के संधारण में कोई बाधा उत्पन्न हो ।उपायुक्त ने विकास कार्यों तथा राजस्व संग्रहण के कार्यों को भी प्राथमिकता में रखते हुए सभी इंडेकिटेर में अपेक्षित प्रगति लाने की बात कही। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. जुझार माझी, निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रंजन, एलआरडीसी रविन्द्र गागराई, जिला परिवहन पदाधिकारी दिनेश रंजन, एसडीएम घाटशिला सत्यवीर रजक, जिला योजना पदाधिकारी अरूण द्विवेदी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी डॉ. रजनीकांत मिश्रा, जिला कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कालिंदी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार तथा तकनीकी विभागों के पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

BRIEF NEWS

### CRPF को जो भी दायित्व सौंपा गया, बहादुर जवानों ने उसे वीरता से निभाया



**CHAIBASA :** सीआरपीएफ का 84वां स्थापना दिवस गुरूवार को 197 बटालियन मुख्यालय के प्रांगण में मनाया गया। इस अवसर पर 197 बटालियन के कमांडेंट प्रवेश कुमार जोहरी निर्देशन में मुख्यालय परिसर में शहीद स्मारक पर शहीद जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान बताया गया कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल देश के केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में से अग्रणी बल है। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की स्थापना 27 जुलाई 1939 को काउन रिप्रजेंटेटिव पुलिस के नाम से नीमच (मध्य प्रदेश) में हुई थी। देश की स्वतंत्रता के उपरांत तत्कालीन गृहमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल द्वारा इस बल की कार्यशैली व कर्मठता से प्रभावित होकर इसका नाम केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल रखा गया। 84 वर्षों का यह इतिहास रहा है कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस को जो भी दायित्व सौंपा गया है उसे बहादुर जवानों ने वीरता से निभाया है। देश की आंतरिक सुरक्षा की जिम्मेदारी पूर्ण रूपेण केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल पर है। देश के हालात एवं परिस्थितियों के मद्देनजर केरिपु बल का समय-समय पर विस्तार किया गया।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत, नहीं हुई मृतक की पहचान

**JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर के टाटानगर स्टेशन के डाउन लाइन पर गुरुवार सुबह ट्रेन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। सुबह रेल कर्मचारियों ने शव देखकर इसकी सूचना रेलवे के अधिकारियों को दी। सूचना पाकर टाटानगर रेल पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। मृतक की उम्र 40 वर्ष के आस-पास की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार रेल कर्मी गुरुवार की सुबह डाउन लाइन की ओर जा रहे थे तभी उन्होंने डाउन लाइन पर एक शव देखा। फिलहाल शव की पहचान के लिए पोस्टमार्टम हाउस के शव गृह में रखवा दिया गया है।

### पटमदा में नाबालिग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**JAMSHEDPUR :** शहर से सटे कमलपुर थाना अंतर्गत बेलडीह निवासी 14 वर्षीय ऋतिका महतो ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार तड़के 3 बजे ऋतिका का शव घर पर फंदे से लटका पाया गया। जानकारी मिलते ही परिजनों ने पुलिस को सूचित किया। इधर, सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों से अनुसार ऋतिका हर सुबह टहलने के लिए निकलती थी। गुरुवार सुबह भी वह जागी पर टहलने के लिए नहीं गई। सुबह उसका शव फंदे से लटकता पाया गया। परिजन आत्महत्या के कारणों के बारे में नहीं बता पा रहे है।

### सदर थाना के शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का हुआ रुद्राभिषेक



**CHAIBASA :** पवित्र श्रावण मास में सदर थाना स्थित शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया गया। इस रुद्राभिषेक में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला एवं पुरुषों ने भाग लिया। इस मौके पर महिलाओं ने भोलेनाथ की गीत भी प्रस्तुत किए। सहस्त्र नाम मंत्रोच्चार के बीच महिलाओं श्रद्धालु ने जलाभिषेक किया। इससे पूर्व पांच पंडितों की उपस्थिति में मंत्रोचारण के साथ रुद्राभिषेक आरंभ हुआ। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरुष उपस्थित थे।

### स्नातक में एडमिशन के लिए आये 3500 आवेदन, सीयूईटी को प्राथमिकता

**JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में एडमिशन की प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। इसके तहत जल्द ही प्रथम मेधा सूची का प्रकाशन किया जायेगा। विश्वविद्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इस बार पिछले वर्ष की तुलना में एडमिशन के लिए अधिक आवेदन आये हैं। इस बार विश्वविद्यालय में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में एडमिशन के लिए करीब 3500 छात्राओं ने आवेदन किया है, जो पिछले वर्ष की अपेक्षा अधिक है। बता दें कि जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में बीए, बीकॉम, बीएससी के अलावा बीसीए, बीबीए, बीएससी आईटी समेत स्नातक स्तरीय अन्य वोकेशनल कोर्स हैं। सभी में कुल लगभग तीन हजार सीटें हैं। सीटों की तुलना में करीब 500 अधिक आवेदन आये हैं। आवेदकों में यूनिवर्सिटी के इंटरमीडिएट प्रभाग के अलावा शहर व आसपास के क्षेत्रों के स्थित प्लस टू स्कूलों और इंटरमीडिएट कॉलेजों की छात्राएं भी शामिल हैं। विश्वविद्यालय की ओर से तयशुदा तिथि पर प्रथम मेधा सूची जारी कर दी जायेगी। इसके अनुसार गुरुवार को देर शाम तक सूची का प्रकाशन कर दिया जायेगा। सूची विश्वविद्यालय के नोटिस बोर्ड तथा आधिकारिक वेबसाइट पर भी जारी की जायेगी। सूची जारी होने के पश्चात अगसे दिन से चयनित छात्राओं के प्रमाणपत्रों का सत्यापन और नामांकन आरंभ कर दिया जायेगा। यूनिवर्सिटी की ओर से पहले ही स्पष्ट कर दिया गया है कि एडमिशन में वैसी आवेदक छात्राओं को प्राथमिकता दी जायेगी, जो सीयूईटी में शामिल हुई हैं। मेरिट लिस्ट बनाने के क्रम में सीयूईटी के प्राप्तांक व इंटरमीडिएट के प्राप्तांक को आधार बना कर मेरिट लिस्ट तैयारी की गयी है।

## प्रोत्साहन राशि मानहानि मामले में बुरे फंसे विधायक सरयू राय, मिला 41ए का नोटिस

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** प्रोत्साहन राशि मानहानि मामले में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय की मुसीबत बढ़ती जा रहीं है, कॉलम 7 में आरोपी के नाम के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में सरयू राय को 41 का नोटिस मिला है। नोटिस मिलने के बाद नोटिस में दी गई तारीख और समय पर थाने में इन्वेस्टिगेटिंग ऑफिसर के समक्ष विधायक सरयू राय को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का आदेश दिया गया है। धारा 41 के मुताबिक यदि इस धारा के तहत


सरयू राय की फाईल फोटो।

दिए गए नोटिस का पालन नहीं किया जाता है और वे अदालत में उपस्थित होकर जवाब नहीं देते है तो तो पुलिस द्वारा कानूनी कार्यवाई की जा सकती है और आरोपी को गिरफ्तार किया जा सकता है।

गौरतलब है कि विधायक सरयू राय ने प्रोत्साहन राशि मामले में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और उनके अधीनस्थ कार्य करने वाले कर्मियों पर गलत तरीके से कोरोना प्रोत्साहन राशि लेने का आरोप लगाया था जिसके जवाब में मंत्री बन्ना गुप्ता ने चाईबासा टढ-टछअ कोर्ट में मानहानि का मामला दर्ज कराया था !इस मामले में टढ टछअ कोर्ट के जज ऋषि कुमार ने वारंट जारी किया था जिसमें विधायक सरयू राय जमानत पर हैं।

दूसरी तरफ डोरंडा थाना में भी ऑफिस ऑफ सीक्रेट के तहत गोपनीय दस्तावेज चोरी करने का मामला दर्ज कराया गया था। जिसमें दर्ज ऋक्र में सरयू राय का नाम वाइटनर लगा कर हटा दिया गया था, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के ऑब्जेक्शन के साथ रांची सिविल कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए कॉलम 7 में आरोपी के रुप में विधायक सरयू राय का नाम जोड़ने का निर्देश दिया था, उसी के तहत अपना जवाब देने के लिए 41 का नोटिस दिया गया है।

## NCC के 10 दिवसीय शिविर का समापन, बेहतर प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को किया सम्मानित

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** 37 झारखंड बटालियन एनसीसी, जमशेदपुर तत्वधान में एनआईटी आदित्यपुर, जमशेदपुर में 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का गुरूवार को समापन हो गया। यह शिविर 37 झारखंड बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। इसमें सरायकेला खरसावां, पश्चिम सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम जिले के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के कुल 600 एनसीसी कैडेट, 366 लड़के और 234 लड़कियां भाग ले रहे हैं। रांची ग्रुप हेड क्वार्टर के



विभिन्न इकाइयों के 178 कैडेट शामिल थे। शिविर का मुख्य मकसद सभी कैडेट्स को बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण देना,एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में तैयार करना और आईजीजीबीसी के बेहतर कैडेटों का चुनाव करना था। इस शिविर में विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के साथ साथ राइफल शूटिंग, परेड, मैप रीडिंग, जैसे विभिन्न सैन्य प्रशिक्षण किया गया जिससे कैडेट्स अपने जीवन के लक्ष्य को हासिल कर सके। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एनआईटी के निदेशक प्रोफेसर डॉ गौतम सूत्रधार थे, उन्हों ने अपने सम्बोधन मे एनसीसी कैडेटों के जोश तथा समर्पण की सराहना की तथा उनके बेहतर भविष्य के लिए शुभकामना दिया सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले कैडेटों को मुख्य अतिथि के द्वारा मेडल वह कैश अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन 37 झारखंड बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव ने किया।

## नाबालिक बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को 25 साल की सजा, 65 हजार रुपये जुमार्ना

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** पोक्सो एक्ट के अभियुक्त जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के जैंतगढ़ मुस्लिम बस्ती निवासी फरहान मुन्तजिर उर्फ फरहान अब्बास को प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में दोषी करार देते हुए 25 साल की सजा सुनाई गई है। साथ ही ?65000 का जुमार्ना भी लगाया गया है। अभियुक्त के विरूद्ध नाबालिक बच्ची को दुष्कर्म करने के आरोप में एफआईआर दर्ज किया गया था। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि पीड़िता की दोस्ती फरहान मुन्तजिर उर्फ फरहान अब्बास इस्टाग्राम के माध्यम से हुआ। इसके बाद दोनों इस्टाग्राम से


फरहान अब्बास की फाईल फोटो।

बात चीत करते थे। फरहान मुन्तजिर उर्फ फरहान अब्बास मिलने के लिए बार-बार दबाव बनाता था, एक दिन में जब घर से निकली तो बेहरासाई चौक के पास फरहान मुन्तजिर उर्फ फरहान अब्बास चम्पुआ की ओर से बाईक में आया और थोड़ी दूर आगे छोड़ने के बहाने से बाईक में बैठाकर सरसस्वती शिशु विद्या मंदिर जैंतगढ़ के पीछे ले जाकर दुष्कर्म किया। इस्टाग्राम से वीडियो कॉल से बात करते समय कपड़ा उतारने के लिए मजबूर करता था और पीड़िता का नग्न वीडियो सेव (२५ी) कर लेता था। और वही वीडियो दिखाकर बार-बार ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करता था। जब पीड़िता उसके पास जाने से मना कि तो नग्न वीडियो इन्टरनेट में वायरल कर दिया। अनुसंधान के क्रम में पुलिस द्वारा अभियुक्त फरहान मुन्तजिर उर्फ फरहान अब्बास को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## जुआ अड्डा पर छापेमारी की राशि आपस में बांटने वाले तीन दारोगा व दो सिपायों को एसएसपी ने किया निलंबित

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जुआ अड्डा पर छापेमारी में मिले रुपये का बंदरबांट करना साकची थाना के दारोगा और सिपाही को महंगा पड़ गया। पैसे के बंदरबांट के मामले में एसएसपी प्रभात कुमार ने बुधवार को साकची थाना में पदस्थापित तीन दारोगा दीपक मौर्या, राजा दिलावर और योगेश यादव को निलंबित कर दिया है। इसके अलावा इस बंदरबांट में शामिल दो सिपाही अभिमन्यु सिंह और अवधेश राम को भी निलंबित कर दिया है। सिटी एसपी के विजय शंकर की जांच रिपोर्ट ने तीनों दारोगा और दोनों सिपाही दोषी पाये गये। इसके बाद


एसएसपी प्रभात कुमार की फाईल फोटो।

एसएसपी प्रभात कुमार ने कार्रवाई की। मामला 10 जून 2023 का है। पुलिस की टीम ने देर रात साकची राजीव चौक में चल रहे जुए के अड्डे पर छापामारी की थी। मामले में 18 युवकों को गिरफ्तार किया गया था। इनके पास से आठ लाख रुपये मिले थे, जिसे दारोगा और सिपाही ने बांट लिये। वरीय पुलिस अधिकारी व पत्रकारों के समक्ष सिर्फ 1।41 लाख रुपये ही दिखाया गया था।

छापेमारी में ट्रांसपोर्टर सहित कई कारोबारी और संपन्न परिवारों के युवक पकड़े गये थे। इस दौरान एक व्यक्ति की जेब से डेढ़ लाख रुपये बरामद हुए थे।17 अन्य लोगों के पास से बरामद रकम कहीं अधिक थी। आरोप है कि एफआइआर में रुपये की सही जानकारी नहीं दी गयी। पुलिस टीम ने एक कार, एक बुलेट और एक स्कूटी भी जब्त की थी। आरोपियों को 11 जून की देर शाम कोर्ट में पेश किया गया था। इसमें से 16 युवकों को जमानत मिल गयी थी और दो युवकों को जेल भेज दिया गया था।

एसएसपी ने एसपी से कराई जांचः

एसएसपी ने सिटी एसपी के विजय शंकर को जांच सौंपी थी। इसी बीच सिटी एसपी देवघर श्रावणी मेला में चले गये। देवघर से लौटने के बाद सिटी एसपी ने मामले में साकची थाना प्रभारी समेत छापामारी टीम में शामिल दारोगा और सिपाही से अलग-अलग पूछताछ की। पूछताछ में सच्चाई सामने आयी, जिसके बाद बुधवार को एसएसपी ने यह

KARIM CITY COLLEGE के उर्दू स्नातकोत्तर विभाग के तत्वधान में गेस्ट लेक्चर आयोजित

## फिकरी के शायरी में मुख्य विषय बनकर उभरता है जमाने का दर्द : अहमद बद्र

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** करीम सिटी कॉलेज के उर्दू स्नातकोत्तर विभाग के तत्वधान में गुरुवार को गेस्ट लेक्चर आयोजित किया गया। पहली पाली में महान उर्दू शायर प्रकाश फिकरी पर तथा दूसरी पाली में शायक मुजफ्फरपूरी पर व्याख्यान हुआ। दोनों महान शायरों का संबंध झारखंड से था। आमंत्रित वक्ता शहर के प्रसिद्ध साहित्यकार एवं कवि प्रोफेसर अहमद बद्र थे। पहली सभा की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने की


विद्यार्थियों को पढ़ाते अतिथि। • फोटोन न्यूज

तथा दूसरी पाली की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ अफसर काजमी ने की।

प्रो अहमद बद्र ने प्रकाश फिकरी के बारे में कहा कि उनका संबंध आधुनिकता से था और उनकी शायरी में जमाने का दर्द मुख्य विषय बनकर उभरता है लेकिन शायक मुजफ्फरपूरी की शायरी में प्रगतिशीलता के साथ-साथ आधुनिकता की भी झलक मिलती है और उनकी रचनाओं में उदासीनता के विपरीत आशावादिता दिखाई देती है।

प्राचार्य ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि ये दोनों महान शायर हमारी इसी धरती के थे और ये ऐसे शायर थे जिन्होंने न केवल भारत में बल्कि पूरे साहित्य जगत में झारखंड और जमशेदपुर का नाम रौशन किया और अपने पीछे ऐसे नक्शे कदम छोड़े जिनकी पैरवी करके आज भी साहित्य की ऊंची सीढ़ियों तक चढ़ा जा सकता है। इस कार्यक्रम में डॉ फिरोज इब्राहिमी, प्रो मोहम्मद ईसा, डॉ उधम सिंह, डॉ शाहनवाज अहमद, डॉ मुजाहिदुल हक आदि प्राध्यापकों के अलावा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। सभा का संचालन डॉ शहबाज अंसारी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ अफसर काजमी ने किया।

## खौलते पानी से जला 3 वर्षीय बच्चा


एमजीएम अस्पताल में इलाजरत बच्चा। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा प्रखंड के जामडीह गांव निवासी एवं पूर्व प्रमुख जितेन मुर्मू का 3 वर्षीय बेटा उमेश चंद्र मुर्मू के शरीर पर खौलता पानी गिरने से जल गया। घटना गुरुवार की सुबह करीब 10 बजे की बताई जा रही है। घटना के बाद परिजनों ने उसे तत्काल इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज किया गया। इधर, सूचना पाकर भाजपा नेता विमल बैठा भी एमजीएम अस्पताल पहुंचे और बच्चे का हाल-चाल जाना। विमल बैठा ने बताया कि वर्तमान में इलाज जारी है एवं मरीज को भर्ती कराया गया है। घटना उस समय हुई जब बच्चे की मां अपने घर में खाना बनाने के लिए चूल्हे पर एक हंडी में पानी चढ़ाई थी। घर में खेल रहा बच्चा गलती से हंडी को पकड़ा तो हंडी गिर गई और खौलते पानी से उसका एक हाथ समेत शरीर का अन्य हिस्सा जल गया।

# राष्ट्रीय स्तर पर योगी की योजनाओं का महत्व

विगत छह वर्षों के दौरान स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की प्रगति अभूत पूर्व रही है। एक जनपद एक मेडिकल कालेज का सपना साकार हो रहा है। केंद्र की स्वास्थ्य सम्बन्धी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केन्द्रीय स्वास्थ्य डॉ. मनसुख मंडाविया के साथ उत्तर प्रदेश में चिकित्सा सेवा सम्बन्धी कार्यो की समीक्षा की। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने उत्तर प्रदेश में संचालित कुछ योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे शानदार मॉडल को पूरे देश में लागू होना चाहिए। ई-रूपी वाउचर, ई-कवच, केयर और यूनिफाइड डिजीज सर्विलांस पोर्टल मॉडल की सराहना की और विभागीय अधिकारियों को प्रेजेंटेशन देने दिल्ली आमंत्रित किया। उत्तर प्रदेश की प्रगति को सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आयुष्मान हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर योजना के अन्तर्गत प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र में आधारभूत अवस्थापना विकास का कार्य तेजी से किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में रोगों की स्थिति की जानकारी तथा रोकथाम हेतु प्रदेश सरकार ने यूनिफाइड डिजीज सर्विलांस पोर्टल के रूप में एक अभिनव प्रयोग किया है। इसके तहत, ग्राम स्तर से लेकर राज्य स्तर तक विभिन्न रोगों के आंकड़ों की रियल टाइम उपलब्धता हो रही है। समस्त आंकड़े लाइन लिस्ट पर आधारित हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने अस्पतालों में चिकित्सीय उपकरणों की उपलब्धता और कार्यक्षमता की जानकारी व निगरानी प्राप्त करने के लिए केयर मॉडल लागू किया है। ऐसे प्रयास पूरे देश के लिए आवश्यक हैं। प्रदेश सरकार द्वारा किये गये ई-कवच के प्रयास को अभिनव बताते हुए उन्होंने कहा कि वर्क फ्लो आधारित एवं समुदाय स्तर पर संचालित कॉम्प्रीहेन्सिव प्राइमरी हेल्थ केयर एप्लीकेशन ई-कवच एक शानदार प्रयास है। प्रदेश में अब तक चार करोड़ से अधिक परिवारों के अन्तर्गत सत्रह करोड़ से अधिक सदस्यों को पंजीकृत किया गया है। इससे अनुश्रवण एवं मूल्यांकन हेतु रियल टाइम डाटा उपलब्ध हुआ है। ई-कवच से नियमित टीकाकरण तथा स्वास्थ्य सुविधाओं की प्रभावी मानिटरिंग सम्भव हो रही है। इसे राष्ट्रीय स्तर पर लागू किया जाना चाहिए। उत्तर प्रदेश में गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क अल्ट्रासाउण्ड के लिए ई-रूपी वाउचर का उपयोग किया जाना अनुकरणीय और प्रेरक है। यह पूरे देश के लिए एक मॉडल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नौ वर्ष पहले राज्यों के अधिकारी दिल्ली की परिक्रमा किया करते थे, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती थी। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्रीय मंत्री स्वयं राज्यों में भ्रमण कर उनकी आशा, अपेक्षा और आवश्यकताएं जान रहे हैं और उसी अनुरूप निर्णय ले रहे हैं। यह संवैधानिक व्यवस्थाओं के पालन का बेहतरीन उदाहरण है। आज एईएस के रोग मृत्यु दर में पन्चानबे प्रतिशत की कमी आ चुकी है, जबकि जेई के रोगियों की मृत्यु छियानवे प्रतिशत तक कम हुई है। उत्तर प्रदेश सर्वाधिक ह्यआयुष्मान ग्रामह्न वाला राज्य होगा। वर्तमान में पैंतालीस जनपदों में सरकारी मेडिकल कॉलेज क्रियाशील हैं। शीघ्र ही एक ही दिन उत्तर प्रदेश के तेरह जनपदों में मेडिकल कॉलेज का शुभारम्भ होने वाला है। तमिलनाडु ऐसा राज्य है, जहां एक दिन में ग्यारह मेडिकल कॉलेज लोकार्पित हुए थे। अब तेरह मेडिकल कॉलेजों के लोकार्पण के साथ उत्तर प्रदेश नया रिकॉर्ड बनाएगा। उत्तर प्रदेश में अब तक 2.98 करोड़ कार्ड जारी किए जा चुके हैं। 23.51 लाख लोगों ने इसका लाभ लिया है। प्रदेश में इस योजना के अन्तर्गत अब तक 3,148 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। उत्तर प्रदेश में गोल्डन कार्ड बनाये जाने में तेजी की अपेक्षा है। प्रदेश में छह करोड़ नए लाभार्थी जोड़े जाने का लक्ष्य लेकर कार्य किया जाना चाहिए। कोई भी पात्रजन इससे वंचित न रहे। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार क्रम में योगी आदित्यनाथ ने वृन्दावन में रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम चैरिटेबल हॉस्पिटल में कैंसर रोगियों के लिए पीईटीसीटी स्कैन मशीन का लोकार्पण किया। कोटक महिंद्रा बैंक ने रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम चैरिटेबल हॉस्पिटल को अपनी सीएसआर धनराशि के सदुपयोग के लिए चुना है। यह मशीन लोगों के मन से कैंसर के भ्रम का निवारण करेगी। इस मशीन की सुविधा आसपास के जनपदों में नहीं है। सीएसआर की धनराशि के साथ कॉरपोरेट घराने इसी तरह आगे आएंगे, तो शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में व्यापक सुधार होगा। पहले प्राइवेट अस्पताल में उपचार कराना बहुत कठिन होता था लेकिन अब सरल हो गया है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना देश में चलायी जा रही है। देश की आधी आबादी को पांच लाख रुपये प्रतिवर्ष स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान किया जा रहा है। लोग पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य लाभ किसी भी सरकारी अस्पताल में या इम्पैनल्ड अस्पताल में जाकर ले सकते हैं। गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर उपलब्ध करा रही है।आयुष्मान भारत योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत विगत तीन वर्षों में लगभग चौतीस करोड़ रुपये की धनराशि प्रदेशवासियों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा के लिए उपलब्ध कराई गयी है।

# समझनी ही होगी प्रकृति की मूक भाषा

ANALYSIS



योगेश कुमार गोयल

**पर्यावरण का संतुलन डगमगाने के चलते लोग अब तरह-तरह की भयानक बीमारियों के जाल में फंस रहे हैं, उनकी प्रजनन क्षमता पर इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है, उनकी कार्यक्षमता भी इससे प्रभावित हो रही है। लोगों की कमाई का बड़ा हिस्सा बीमारियों के इलाज पर ही खर्च हो जाता है। प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए जल, जंगल, वन्य जीव और वनस्पति, इन सभी का संरक्षण अत्यावश्यक है। दुनियाभर में पानी की कमी के गहराते संकट की बात हो या ग्लोबल वार्मिंग के चलते धरती के तपने की अथवा धरती से एक-एक कर वनस्पतियों या जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने की, इस तरह की समस्याओं के लिए केवल सरकारों का मुंह ताकते रहने से ही हमें कुछ हासिल नहीं होगा बल्कि प्रकृति संरक्षण के लिए हम सभी को अपने-अपने स्तर पर अपना योगदान देना होगा। प्रकृति के साथ हम बड़े पैमाने पर जो छेड़छाड़ कर रहे हैं, उसी का नतीजा है कि पिछले कुछ समय से भयानक तूफानों, बाढ़, सूखा, भूकम्प जैसी प्राकृतिक आपदाओं का सिलसिला तेजी से बढ़ा है।**

प्रदूषित हो रहे पर्यावरण के आज जो भयावह खतरे हमारे सामने आ रहे हैं, उनसे शायद ही कोई अनभिज्ञ हो और हमें यह स्वीकार करने से भी गुरेज नहीं करना चाहिए कि इस तरह की समस्याओं के लिए कहीं न कहीं जिम्मेदार हम स्वयं भी हैं। पेड़-पौधों की अनेक प्रजातियों के अलावा बिगड़ते पर्यावरणीय संतुलन और मौसम चक्र में आते बदलाव के कारण जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। हमें यह भली-भांति जान लेना चाहिए कि इन प्रजातियों के लुप्त होने का सीधा असर समस्त मानव सभ्यता पर पड़ना अवश्वम्भावी है। सबसे पहले यह जानना बेहद जरूरी है कि प्रकृति आखिर है क्या? प्रकृति के तीन प्रमुख तत्व हैं जल, जंगल और जमीन, जिनके बगैर प्रकृति अधूरी है और यह विडम्बना है प्रकृति के इन तीनों ही तत्वों का इस कदर दोहन किया जा रहा है कि इसका संतुलन डगमगाने लगा है, जिसकी परिणति अक्सर भयावह प्राकृतिक आपदाओं के रूप में सामने भी आने लगी है। प्राकृतिक साधनों के अंधाधुंध दोहन और प्रकृति के साथ खिलवाड़ का ही नतीजा है कि पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ने के कारण मनुष्यों के स्वास्थ्य पर तो प्रतिकूल प्रभाव पड़ ही रहा है, जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियां भी लुप्त हो रही हैं। पर्यावरण का संतुलन डगमगाने के चलते लोग अब तरह-तरह की भयानक बीमारियों के जाल में फंस रहे हैं, उनकी प्रजनन क्षमता पर इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है, उनकी कार्यक्षमता भी इससे प्रभावित हो रही है। लोगों की कमाई का बड़ा हिस्सा बीमारियों के इलाज पर ही खर्च हो जाता है। प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए जल, जंगल, वन्य जीव और वनस्पति,



इन सभी का संरक्षण अत्यावश्यक है। दुनियाभर में पानी की कमी के गहराते संकट की बात हो या ग्लोबल वार्मिंग के चलते धरती के तपने की अथवा धरती से एक-एक कर वनस्पतियों या जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने की, इस तरह की समस्याओं के लिए केवल सरकारों का मुंह ताकते रहने से ही हमें कुछ हासिल नहीं होगा बल्कि प्रकृति संरक्षण के लिए हम सभी को अपने-अपने स्तर पर अपना योगदान देना होगा। प्रकृति के साथ हम बड़े पैमाने पर जो छेड़छाड़ कर रहे हैं, उसी का नतीजा है कि पिछले कुछ समय से भयानक तूफानों, बाढ़, सूखा, भूकम्प जैसी प्राकृतिक आपदाओं का सिलसिला तेजी से बढ़ा है। हमारे जो पर्वतीय स्थान कुछ सालों पहले तक शांत और स्वच्छ हवा के लिए जाने जाते थे, आज वहां भी प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है और ठंडे इलाकों के रूप में विख्यात पहाड़ भी अब तपने लगने हैं, वहां भी जल संकट गहराने लगा है, वहां भी बाढ़ का ताण्डव देखा जाने लगा है। इसका एक बड़ा कारण पहाड़ों में भी विकास के नाम पर जंगलों का सफाया करने के साथ-साथ पहाड़ों में बढ़ती पर्यटकों की भारी भीड़ भी है। कोई भी बड़ी प्राकृतिक आपदा सामने आने पर हम आदतन प्रकृति को कोसना शुरू कर देते हैं लेकिन हम नहीं समझना चाहते कि प्रकृति तो रह-रहकर अपना रौद्र रूप दिखाकर हमें सचेत करने का प्रयास करती रही है कि अगर हम अभी भी नहीं संभले और हमने प्रकृति से साथ खिलवाड़ बंद नहीं किया तो हमें आने वाले समय में इसके खतरनाक परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। प्रकृति हमारी मां के समान है, जो हमें अपने प्राकृतिक खजाने से ढेरों बहुमूल्य चीजें प्रदान करती है लेकिन अपने स्वार्थों के चलते हम अगर खुद को ही प्रकृति का स्वामी समझने की भूल करने लगे हैं तो फिर भला प्राकृतिक तबाही के लिए प्रकृति को कैसे दोषी ठहरा सकते हैं बल्कि दोषी तो हम स्वयं हैं, जो इतने साधनपरस्त और आलसी हो चुके हैं कि अगर हमें अपने घर से थोड़ी ही दूरी से भी कोई सामान लाना पड़े तो पैदल चलना हमें गवारा नहीं। इस छोटी सी दूरी के लिए भी हम स्कूटर या बाइक का सहारा लेते हैं। छोटे-मोटे कार्यों की पूर्ति के लिए भी निजी यातायात के साधनों का उपयोग कर हम पैट्रोल, डीजल जैसे धरती पर ईंधन के सीमित स्रोतों को तो नष्ट कर ही रहे हैं, पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंचा रहे हैं और पैदल चलना छोड़कर अपने स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ रहे हैं। हमारे क्रियाकलापों के चलते ही वायुमंडल में कार्बन मोनोक्साइड, नाइट्रोजन, ओजोन और पार्टिक्यूलेट मैटर के प्रदूषण का मिश्रण इतना बढ़ गया है कि हमें वातावरण में इन्हीं प्रदूषित तत्वों की मौजूदगी के कारण सांस की बीमारियों के साथ-साथ टीबी, कैंसर जैसी कई और असाध्य बीमारियां जकड़ने लगी हैं। पैट्रोल, डीजल से पैदा होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड और ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को बेहद खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं, इसलिए जरूरत है कि हम अपने-अपने स्तर पर वृक्षारोपण में दिलचस्पी लें और पौधारोपण के पश्चात उन पौधों की अपने बच्चों की भांति ही देखभाल भी करें। पर्यावरणीय असंतुलन के बढ़ते खतरों के मद्देनजर हमें खुद सोचना होगा कि हम अपने स्तर पर प्रकृति संरक्षण के लिए क्या योगदान दे सकते हैं। अगर हम वाकई चाहते हैं कि हम और हमारी आने वाली पीढ़ियां साफ-सुथरे वातावरण में बीमारी मुक्त जीवन जीएं तो हमें अपनी इस सोच को बदलना होगा कि यदि सामने वाला व्यक्ति कुछ नहीं कर रहा तो मैं ही क्यों करूं? अपनी छोटी-छोटी पहल से हम सब मिलकर प्रकृति संरक्षण के लिए बहुत कुछ कर सकते हैं। हम प्रयास कर सकते हैं कि हमारे दैनिक क्रियाकलापों से हानिकारक कार्बन डाई ऑक्साइड जैसी गैसों का वातावरण में उत्सर्जन कम से कम हो। पानी की बचत के तरीके अपनाते हुए जमीनी पानी का उपयोग भी हम केवल अपनी आवश्यकतानुसार ही करें। जहां तक संभव हो, वर्षा के जल को सहेजने के प्रबंध करें। प्लास्टिक की थैलियों को अलविदा कहते हुए कपड़े या जूट के बने थैलों के उपयोग को बढ़ावा दें। बिजली बचाकर ऊर्जा संरक्षण में अपना अमूल्य योगदान दें। आज के डिजिटल युग में तमाम बिलों के ऑनलाइन भुगतान की ही व्यवस्था हो ताकि कागज की बचत की जा सके और कागज बनाने के लिए वृक्षों पर कम से कम कुल्हाड़ी चले। विश्वभर में आधुनिकीकरण और औद्योगिकीकरण के चलते प्रकृति के साथ बड़े पैमाने पर जो खिलवाड़ हो रहा है, उसके मद्देनजर आमजन को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करने की जरूरत अब कई गुना बढ़ गई है।

**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

# जी-20 सम्मेलन: भारत की प्रतिष्ठा में लगेंगे चार चांद

अब जी-20 शिखर सम्मेलन के मुख्य आयोजन में दो महीने से भी कम वक्त बचा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रगति मैदान में पुनर्विकसित अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी-सह-सम्मेलन केंद्र (आईईसीसी) के उद्घाटन करने के साथ साफ हो गया है कि शिखर सम्मेलन के लिए भारत तैयार है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन समेत जी- 20 देशों के बीस राष्ट्राध्यक्ष एक साथ राजधानी नई दिल्ली में आ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी-20 के प्रमुख की हैसियत से बांग्लादेश, मिस्त्र, मॉरिशस, नीदरलैंड, नाइजीरिया, ओमान, सिंगापुर, स्पेन और यूएई आदि मित्र देशों को अतिथि देशों के रूप में आमंत्रित कर सकते हैं। तो यह बहुत साफ हो गया है कि नई दिल्ली में होने वाला जी-20 शिखर सम्मेलन अब तक का सबसे विशाल सम्मेलन होगा। इसके साथ ही कहा जा सकता है कि 1956 से तमाम शिखर सम्मेलनों और अहम कार्यक्रमों की मेजबानी करने वाले विज्ञान भवन को अब कुछ ह्यआरामह्न मिलेगा। इसी में 1983 में गुट निरपेक्ष सम्मेलन हुआ था। उस शिखर सम्मेलन को आयोजित हुए चार दशक पूरे हो रहे हैं। इस दौरान भारत पूरी तरह बदल चुका है। अब भारत विश्व की एक बड़ी आर्थिक शक्ति बन चुका है। कुछ समय पहले भारत ब्रिटेन को पछाड़ कर विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। अब संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी की ही अर्थव्यवस्था आज के दिन भारत से बड़ी है। हमारी प्रगति की रफ्तार देखकर कहा जा सकता है कि हम जल्दी ही जापान और जर्मनी को भी मात दे देंगे। यानी 1983 और 2023 वाला भारत बहुत अलग है। दुनिया में भारत की इस वक्त जो साख है, उसे देखकर कह सकते हैं कि उसी के अनुरूप का सम्मेलन का मेन कॉम्पलेक्स जी-20 के लिए तैयार किया गया है। महत्वपूर्ण है कि लगभग 123 एकड़ क्षेत्र में फैले आईईसीसी कॉम्प्लेक्स को भारत के सबसे बड़े एमआईसीई (बैठक, प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनियां) गंतव्य के रूप में विकसित किया गया है। ये दुनिया के शीर्ष प्रदर्शनी और सम्मेलन परिसरों में जल्द ही अपनी जगह बना लेगा। भारत को पिछले साल 1 दिसंबर को जी-20 की अध्यक्षता मिली थी। भारत आगामी 30 नवंबर, 2023 तक इस मंच की अध्यक्षता करेगा। भारत को जैसे ही जी-20 की अध्यक्षता मिली, तब ही से देशभर में बैठकों और छोटे सम्मेलनों का दौर शुरू गया। ये बैठकें राजधानी दिल्ली के अलावा देश के अन्य प्रमुख शहरों और पर्यटन स्थलों पर हुईं। इनमें करीब 200 बैठकें हुईं जिनमें जी-20 देशों के नुमाइंदों ने भाग लिया। भारत की जी-20 की अध्यक्षता कई मायनों में ऐतिहासिक होने जा रही है। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारत ने महज बैठकों का संचालन कर इतिश्री नहीं की है, बल्कि उसने बैठकों से इतर अन्य कई गतिविधियों पर भी जोर दिया है। हम जानते हैं कि विविधताओं से भरे हमारे देश के हर राज्य की अपनी एक आभा है, अपना एक सौंदर्य है, अपनी एक संस्कृति है और अपना खास खानपान है। भारत ने इसी विविधता को बड़ी खूबसूरती से विश्व के समक्ष प्रस्तुत किया है। अभी तक जिस भी राज्य या शहर में जी20 से जुड़ी बैठकें आयोजित हुई, वहां जरूरी विषयों पर विचार-विमर्श से इतर विदेशी मेहमानों को स्थानीय इलाकों का भ्रमण कराते हुए हमारी प्राचीन वास्तुकला का अनुभव भी कराया गया। इसके अलावा बैठक स्थलों पर नुमाइंदों को स्थानीय सभ्यता एवं संस्कृति की झलक दिखाने के लिए स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ है। भारत ने विश्व स्तर पर अपनी प्राचीन और समृद्ध संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए जी-20 की मेजबानी को बेहतरीन तरीके से भुनाया है। जी-20 देशों के प्रतिनिधि बैठकों के लिए देश के जिस भी हिस्से का दौरा करते हैं, उन्हें स्थानीय व्यंजन परोसे जाते हैं। अतिथि देवो भवः की भावना से ओत-प्रोत भारत की मेहमान नवाजी हमेशा के लिए विदेशी मेहमानों के दिल में बस गई है। ऐसे कई मौके आए हैं, जब भारतीय और विदेशी मीडिया ने जी20 प्रतिनिधियों से उनका अनुभव जानने का प्रयास किया तो उनका स्पष्ट शब्दों में यही जवाब रहा है कि उन्होंने भारत जैसी मेहमान नवाजी कहीं नहीं देखी। कुल मिलाकर भारत ने अपनी मेजबानी को ऐतिहासिक बनाने का कोई भी मौका नहीं गंवाया है। यह याद रखा जाए कि भारत के लिए इस बड़े अंतरराष्ट्रीय मंच की अध्यक्षता का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह रहा है कि हमारे देश में हुई सभी महत्वपूर्ण जी-20 बैठकों के ठोस नतीजे निकले हैं, जिनसे जी20 की साझा प्राथमिकताओं पर आम सहमति को बढ़ावा मिला है। आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर भविष्य और वैश्विक समावेशी विकास की दिशा में भारत के प्रयास रंग लाए हैं और उसकी कई सिफारिशों पर सदस्यों देशों के बीच आम सहमति बनी है। इसे कई उदाहरणों से समझा जा सकता है, जैसे जी-20 सदस्यों ने जीवाश्म ईंधन की खपत में कटौती करके अगले 10 वर्षों में होने वाले तकनीकी नवाचारों को साझा करने पर सहमति व्यक्त की है। विदेश मंत्रियों की बैठक में बहुपक्षीय सुधारों, विकास सहयोग, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, आतंकवाद का मुकाबला, नए उभरते खतरों, वैश्विक कौशल मैपिंग और आपदा जोखिम में कमी लाने पर सहमति बनी है। इसके अलावा साझा प्राथमिकताओं में बहुपक्षीय विकास बैंकों में सुधार और ऋण उपायों पर एक विशेषज्ञ समूह की स्थापना शामिल है। एक बार फिर चर्चा विज्ञान भवन की। विज्ञान भवन की दशकों तक पहचान बड़े अहम सरकारी सम्मेलनों, समारोहों और अन्य कार्यक्रमों के आयोजन स्थल के रूप में ही होती रही है। स्वतंत्रता मिलने के बाद पहली पहली बार 1956 में भारत मेजबानी कर रह था यूनेस्को सम्मेलन की।

## Social Media Corner

सच के हक में...



पहले के जमाने में फ्रॉड करने वाली कंपनियां लोगों को लूटने के लिए समय-समय पर अपना नाम बदलती रहती थीं। आज कांग्रेस और उसके साथियों का नया गठबंधन उन्हीं कंपनियों की नकल कर रहा है।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



अज्ञानता में, हम अक्सर स्वयं में छिपे सद्गुणों को पहचान नहीं पाते हैं। ब्रह्माकुमारीज संगठन का मानवता को जागरूक बनाने और उसे सकारात्मक दिशा में आगे ले जाने का प्रयास बहुत सराहनीय है। ब्रह्माकुमारीज के सभी दिव्य भाई-बहन मानवता में अच्छाई की खोज के लिए प्रयास कर रहे हैं।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के ट्विटर अकाउंट से)**



जिनका मन काला है। जो भारत को घने काले अंधियारे की ओर ले जाना चाहते हैं। जो भारत के भविष्य पर काला धब्बा लगाना चाहते हैं। जो भारत की युवा शक्ति को काला दिन दिखाना चाहते हैं जो दुनिया में भारत की काली तस्वीर प्रस्तुत करना चाहते हैं वे आज फिर लोकतंत्र के मंदिर में ₹काला कपड़ा₹ पहन पहुंचे। वास्तव में ये देश के लिए अपशकुन ही तो हैं।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# नाइजर में तख्ता पलट छोटी घटना नहीं

नाइजर में तख्ता पलट को हमारे यहां मीडिया के एक हिस्से ने एक मुस्लिम देश की घटना के तौर पर लिया है। सवाल है कि क्या इसे सिर्फ इतना भर मानकर हम शांत रह सकते हैं। इस घटना पर सबसे पहले चिंता जताने वालों में अमेरिका भी शामिल है। न्यूजीलैंड में मौजूद अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने राष्ट्रपति बजौम की रिहाई की मांग की है। अमेरिका ने निर्वाचित राष्ट्रपति के साथ होने की प्रतिबद्धता दिखाई है। नाइजर में अमेरिका के दो ड्रोन बेस हैं। इन बेस से जुड़े उसके करीब 800 सैनिक भी वहां तैनात हैं। इन सैनिकों में कुछ स्पेशल फोर्स के हैं जो नाइजर सेना को ट्रेनिंग दे रहे हैं। फिर भी अमेरिकी चिंता का मात्र यही कारण नहीं हो सकता। इसे और अधिक गौर से देखना होगा कि नाइजर अति गरीब देश होने के बावजूद यूरेनियम भंडार का मालिक है। नाइजर नाम अपनी ही संज्ञा वाली नदी के कारण ग्रहण किया गया है। नाइजर नदी की उत्पत्ति वहां के भाषाई रूप तुआरेग एन'एगिरेन से हुई है, जिसका अर्थ है 'बहता पानी'। क्या दुर्भाग्य है कि इस देश के पश्चिम में यह बहता पानी भी अधिकांश जगह पर पूरी तरह सूख गया है। देश का करीब 80 प्रतिशत क्षेत्र रेगिस्तान में बदल चुका है। परिणामस्वरूप इसकी अर्थव्यवस्था के आधार कृषि, पशुधन पर असर को समझा जा सकता है। नाइजर कच्चे माल का निर्यात भी करता है। नाइजर पर अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों और कई देशों का भारी ऋण बना रहता है। अपने धन के साथ यूरेनियम की चिंता भी अमेरिका के साथ ही अफ्रीकी यूनियन को परेशान कर सकता है। ध्यान रहे कि अफ्रीकी देशों में ही नाईजीरिया भी है। हमें नाइजर और नाईजीरिया के फर्क को समझना पड़ेगा। नाईजीरिया में तो नाइजर नाम से एक प्रांत भी है। हम नाइजर की बात करें। नाइजर की सीमाएं नाईजीरिया के साथ छह अन्य देशों देशों, माली, अल्जीरिया, लीबिया, चाड, बेनिन और बुर्किना फासो से मिलती हैं। तो अफ्रीकी यूनियन और पश्चिम अफ्रीकी राज्य के आर्थिक समुदाय आयोग यानी एउडहअर ने भी अमेरिका की तरह इस पर तत्काल प्रतिक्रिया दी है। इस संगठन के अध्यक्ष और नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला टीनूबू के मुताबिक, संगठन नाइजर की सरकार को हटाने के किसी भी प्रयास का विरोध करेगा। बोला टीनूबू इसी महीने एउडहअर के अध्यक्ष चुने गये हैं। नाइजर न्यूज एजेंसी के मुताबिक राष्ट्रपति बजौम को विद्रोही ताकतों ने महल में कैद कर लिया है। तख्ता पलट करने वालों के नेता कर्नल-मेजर अमादौ अब्द्रमाने हैं और उनके साथ के नौ वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने खुद को सुरक्षा राष्ट्रीय परिषद कहा है। सूचना के मुताबिक, राष्ट्रपति की सुरक्षा में लगे कुलीन गार्ड ने भी विद्रोह कर दिया और बजौम को उनके आधिकारिक आवास से हिरासत में ले लिया। इसके पहले राष्ट्रपति ने अपने सुरक्षा गार्ड के विद्रोही प्रदर्शन में शामिल होने की जानकारी दी थी। बहरहाल, नाइजर पर काबिज कर्नल-मेजर अमादौ अब्द्रमाने के आदेश से देश की सीमाएं सील कर दी गई हैं। वहां देश भर में कर्फ्यू लागू है। देश के सभी संस्थान फिलहाल प्रतिबंधों में हैं। देश से बाहर जाने और आने वालों पर भी प्रतिबंध है। कर्नल अब्द्रमाने की दलील है कि उन्हें ऐसा सुरक्षा में हो रही लगातार गिरावट, खराब सामाजिक और आर्थिक प्रबंधन के कारण करना पड़ा है। अभी इस घटना के पूरे वृतांत का इंतजार करना पड़ेगा। भारत की इस पर क्या प्रतिक्रिया है, इस टिप्पणी तक सामने नहीं आया है, शायद कुछ ही घंटों में आ जाए। हम आतंकवाद का पुरजोर विरोध करते हैं। फिलहाल नाइजर के दक्षिण-पश्चिम में और दूसरा दक्षिण-पूर्व में जिहादी संगठन भी सक्रिय रहे हैं। लोकतंत्र समर्थक के रूप में भी हमारी दुनियाभर में पहचान है। फिर भी राजनय कई कारणों से तय होते हैं, हम पूरी स्थिति का आकलन जरूर करेंगे।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



अपना राज्य देश के उन राज्यों में शामिल है जहां से सबसे ज्यादा मानव तस्करी की जाती है। यह आंकड़ा किसी एक संस्था का नहीं है बल्कि कई एजेंसियां सर्वेक्षण के आधार पर उजागकर कर चुकी हैं कि झारखंड से मानव तस्करी के मामले सबसे ज्यादा होते हैं। इनमें सबसे ज्यादा शिकार होती हैं ग्रामीण क्षेत्र में रहनेवाली लड़कियां। नाबालिग लड़कियों को महानगरों में ले जाकर घरेलू काम में लगा दिया जाता है। उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया जाता है। शोषण किया जाता है। ताजा मामले में धुर्वा इलाके में रहने वाली एक नाबालिग को रांची पुलिस ने दिल्ली पुलिस की मदद से दिल्ली के आदर्श नगर से मुक्त कराया। पुलिस जल्द ही नाबालिग को लेकर रांची पहुंचेगी और स्वजनों के हवाले कर देगी। इस मामले में नाबालिग के भाई के बयान पर एएचटीयू थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। भाई ने पुलिस को बताया था कि कुछ दिन पहले उसकी बहन ने फोन किया और बताया कि उसे दिल्ली में एक घर में कैद कर के रखा हुआ है। वह घर आना चाहती है लेकिन उसे आने नहीं दिया जाता है। भाई ने उसका नाम भी बताया है जो उसकी बहन को लेकर गया था। कुछ दिनों तक अपने पास रखने के बाद उसे दिल्ली में एक घर में काम करने के लिए लगा दिया था। इसके बदले उसकी बहन को कोई पैसा नहीं जाता था। इस तरह के इक्का-दुक्का मामले सामने आते हैं तो कार्रवाई होती है। होना यह चाहिए कि ऐसी व्यवस्था विकसित की जाए जिससे मानव तस्करी की घटनाओं पर पूरी तरह रोक लग सके। इस राज्य की बेटियों को ऐसी मानवीय यातनाओं से होकर गुजरने की जरूरत नहीं पड़े। इस मामले में गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

**मोहम्मद मजीद अंसारी, समाजसेवी कांके।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

BRIEF NEWS

### महिला मंच ने निकाली जुलूस, मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग




**ROURKELA :** मणिपुर में हिंसा को लेकर संसद में हंगामा मचा हुआ है, वहीं देश के अलग अलग हिस्सों में भी विरोध प्रदर्शन हो रहा है। मणिपुर हिंसा को लेकर राउरकेला में भी विरोध सभा गुरूवार को आयोजित हुई। पिछले दो दिनों से विभिन्न संगठनों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। राउरकेला में महिला फोरम ने जुलूस निकाला और अतिरिक्त जिलापाल के कार्यालय पहुंची। वहां मणिपुर हिंसा पर विरोध सभा हुई। विरमित्रपुर के पूर्व विधायक जॉर्ज तिर्की के नेतृत्व में आयोजित विरोध सभा में राजगांगपुर विधायक राजन एक्का भी शामिल हुए। केंद्र सरकार जल्द से जल्द मणिपुर में शांति बहाल करने के लिए सख्त कदम उठाने और वहां राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग हुई। इस सबंध में अपर जिलापाल के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भेजा गया।

### पारदर्शिता संगठनात्मक सम्मान का एक प्रमुख स्तंभ है: अतनु भौमिक




**ROURKELA :** राउरकेला स्टील प्लांट (आरएसपी) और बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी (डीआईसी) अतनु भौमिक ने मंथन सम्मेलन कक्ष में गुरूवार को आंतरिक संसाधन कार्मिक बैठक में भाग लिया। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता संगठनात्मक सम्मान का एक प्रमुख स्तंभ है। जिम्मेदार आचरण हितधारकों के बीच विश्वसनीयता को बढ़ावा देता है। अपने संचालन में पारदर्शिता, जवाबदेही और अखंडता को बढ़ावा देने का प्रयास करें। आईएस/आईएसओ 37001:2016 रिश्वत विरोधी प्रबंधन प्रणालियों के लिए एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त मानक है। यह संगठनों को रिश्वतखोरी को रोकने, संभावित जोखिमों का पता लगाने और रिश्वत विरोधी कानूनों और विनियमों का अनुपालन बनाए रखने के लिए प्रभावी उपायों और नियंत्रणों को सहयोग करता है। आरएसपी इस तरह की विशिष्टता वाले संगठनों की विशिष्ट लीग में शामिल होने के लिए संयंत्र में प्रणाली को लागू करने की प्रक्रिया में है।

### इडली विक्रेता हुआ ऑनलाइन ठगी का शिकार, खाते से निकले 44 हजार रुपये



**SUNDARGARH :** ऑनलाइन जालसाजों के निशाने पर आम लोग है। पुलिस द्वारा बार-बार आगाह किए जाने के बावजूद भी लोग लालच में पड़कर फंस रहे है। ऐसा ही मामला सुंदरगढ़ से सामने आया है। सुंदरगढ़ का एक इडली विक्रेता गिफ्ट वाउचर के झांसे में आकर ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हो गया है। शहर के मुख्य डाकघर के सामने ठेला में इडली बेचने वाले जगन्नाथ साहू के बैंक खाते से दो बार में 44 हजार रुपये ठगों ने निकाल लिये। जगन्नाथ ने टाउन थाना में इसकी शिकायत की है। पुलिस जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक जगन्नाथ सोमवार दोपहर घर पर आराम कर रहे थे। तभी उनके मोबाइल पर किसी ने फोन कर कहा कि उनका एक गिफ्ट वाउचर निकला है। मोबाइल पर एक एप डाउनलोड करना होगा, जैसे ही जगन्नाथ ने एप डाउनलोड किया। इसके बाद दो बार में उसके खाते से 44 हजार रुपये निकाल लिए गए।

# रेलवे द्वारा अधिग्रहित भूमि का सत्यापन व जांच पड़ताल शुरू, रैयतों में जगी उम्मीद

## अधिकारियों संग सांसद GEETA KODA व पूर्व CM MADHU KODA ने की जांच

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा एवं सांसद गीता कोड़ा की उपस्थिति में जिला प्रशासन और रेलवे प्रशासन के अधिकारियों ने सरबिल एवं पदापहाड़ के ग्रामीणों के रेलवे द्वारा अधिग्रहित पर मुआवजा की मांग को लेकर भूमि का सत्यापन एवं दस्तावेजों की जांच पड़ताल शुरू की।



जांच पड़ताल करती सांसद गीता कोड़ा व अन्य। • फोटोन न्यूज

बता दें आज से करीब 12 वर्षो पूर्व रेलवे लाइन के विस्तारीकरण के दौरान रेलवे विभाग द्वारा पदापहाड़ एवं सरविल गांवों के दर्जनों ग्रामीणों की जमीन रेलवे द्वारा अधिग्रहण किया गया था। जिसमें से करीब 14 ग्रामीणों को रेलवे विभाग में नौकरी और भूमि के मुआवजे का भुगतान किया गया था। जबकि अन्य प्रभावित ग्रामीण लंबे समय से जमीन के बदले मुआवजा एवं नौकरी का इंतजार कर रहे थे। लेकिन रेलवे द्वारा वर्षों तक इन प्रभावित रैयतों की कोई सुधि नही ली गई।

अंततः प्रभावित ग्रामीणों ने चारों ओर से निराश हो सांसद गीता कोड़ा एवं पूर्व मुख्यमंत्री मधुकोड़ा से मुआवजा एवं नौकरी दिलाने की गुहार लगाई थी। जिसके आलोक में विगत दिनों चक्रधरपुर डीआरएम कार्यालय में उपायुक्त, सांसद गीता कोड़ा एवं डीआरएम की संयुक्त बैठक में रेलवे से नौकरी एवं मुआवजा की मांग कर रहे रैयतों के स्थल निरीक्षण एवं विभिन्न दस्तावेजों की जांच करने के लिए 27 जुलाई की तारीख निर्धारित की गई थी।

गुरूवार को सांसद गीता कोड़ा एवं पूर्व मुख्यमंत्री मधुकोड़ा एवं अधिकारियों द्वारा भूमि एवं दस्तावेजों की जांच किए जाने के बाद वर्षो से मुआवजे की बाट देख रहे प्रभावित रैयतों के बीच आशा की किरण जगी है। सभी प्रभावित रैयत अपने अपने कागजातों के साथ सर्वे स्थल पर मौजूद थे।

सांसद गीता कोड़ा ने सभी रैयतों को संबोधित करते हुए कहा की सभी रैयतों के अधिग्रहित जमीन अधिग्रहण का सत्यापन होगा और अधिग्रहण की सत्यापन के उपरांत प्रावधानों के अनुरूप मुआवजा, नौकरी आदि दिलाया जाएगा। रेलवे प्रशासन की ओर से चक्रधरपुर मंडल अभियंता मनीष गुप्ता, जिला प्रशासन की ओर से एडीसी संतोष सिन्हा, जिला भूमि अधिग्रहण पदाधिकारी एजाज अनवर, जगन्नाथपुर अनुमंडल पदाधिकारी शंकर एक्का, बीडीओ अनुज बांडों उपस्थित थे।

सर्वे स्थल में सैकड़ों की संख्या में रैयत उपस्थित थे। मुख्य रूप से सरबिल मुंडा दुसा लागुरी, पदापहाड़ मुंडा शम्भु बालमुचू, राजेन्द्र बालमुचू, राजेन्द्र बालमुचू, सुशीला बालमुचू, डुचा बालमुचू, गुलेश बालमुचू, सुखराम बालमुचू, शंकर बालमुचू, रेन्सो पुरती, लक्ष्मण बालमुचू, माहती बालमुचू, मंगल बालमुचू, सोनाराम बालमुचू, आनन्द बालमुचू, मंजीत प्रधान, रघुनाथ राउत, मंजु पूर्ति, हरप्रीत सिंह, संजय घोष, बसंत गोप, दानिश हुसैन, ममूर अंसारी, राना बोस, लाल मोहन दास, प्रदीप प्रधान, जगदीश खिलार, मो. मोबस्सिर ,सुब्रतो घोष, सुरेश प्रजापति, प्रफुल्ल दास, विश्वकर्मा दास समेत अन्य उपस्थित थे।

## आजसू नेता सह पूर्व प्रत्याशी मंगल सिंह सुरेन ने की सारंडा के ग्रामीणों संग बैठक, सुनी समस्याएं

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** सारंडा मंडल के सुदूरवर्ती गांव में ग्रामीण मुंडा सोनाराम सुंडी की अध्यक्षता में ग्रामीणों संग जगन्नाथपुर विधानसभा प्रभारी आजसू नेता सह पूर्व प्रत्याशी मंगल सिंह सुरेन ने बैठक की। सुरेन ने बैठक में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना एवं गांव में दौरा के दौरान उन्होंने यह देखा कि न वहां बिजली है, ना स्कूल है।




ग्रामीणों के साथ आजसू नेता मंगल सिंह सुरेन। • फोटोन न्यूज

उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ने के लिए भी 10 किलोमीटर पैदल जाना पड़ता है। ताज्जुब की बात यह है कि राजस्व गांव होने के बाद भी आजादी के 75 साल बाद भी यहां बिजली पहुंची ही नहीं है। यहां एक आंगनबाड़ी तक नहीं है। और ना ही सरकार द्वारा कोई भी सुविधा इनको मिलती है।

उन्होंने कहा कि ना किसी को वृद्धा पेंशन, ना राशन कार्ड, ना प्रधानमंत्री आवास है और ना ही किसी को बकरी शेड ना पशु शेड बनाकर मिला है। यहां मनरेगा कार्य भी नहीं चलता है। हेमंत सरकार दावा करती है कि हमने प्रत्येक गांव का विकास किया है। मगर कभी सारंडा आकर देख लें तो उन्हें जमीनी हकीकत देखकर पैरों तले जमीन खिसक जाएगी।

150 परिवार की आबादी वाले राजस्व गांव के क्षेत्र में ही गांव तक पहुंचने के लिए सड़क तक नहीं है। गांव पहुंचने के लिए भी पगडंडी और जंगल होकर जाना पड़ता है।

इतनी गंभीर समस्या देख मंगल सिंह सुरेन ने स्थानीय विधायक और सांसद के ऊपर जमकर आलोचना की। कहा कि 20 साल कोड़ा दंपति विधायक सांसद रहने के बावजूद भी इस गांव को सिर्फ वोट बैंक के लिए प्रयोग किया। यहां कोई जनप्रतिनिधि समस्या सुनने तक नहीं पहुंचते हैं। इस गंभीर समस्या को देखते हुए मंगल सिंह सुरेन ने जल्द ही इन समस्याओं को समाधान करने के लिए प्रयास करने का संकल्प लिया।

बैठक में आजसू पार्टी के जिला सचिव राकेश रावत, महावीर नायक, गणेश सोलंकी, श्रमिक संघ के उपाध्यक्ष गुरुपदो महतो, श्रमिक संघ सराडा मंडल उपाध्यक्ष विजय दास उपस्थित रहे। आजसू कार्यकर्ता बबलू सुरेन के अगुवाई में गुलाब हाईबुरू, सोमा नाग, गुना नाग, बुधवा नाग, जयपाल केराई, नोदों बोयपाई, हिरदा नाग, बच्चु पूर्ति, बादल बोदरा, इग्निस मुंडू, मंगल हुनी पूर्ति, गोवर्धन हेंब्रम, हरसिंह हेस्सा, सुखराम लागुरी, पांडु नाग और काफी संख्या में ग्रामीण एवं महिलाएं उपस्थित रहे। सभी लोगों ने मंगल सिंह सुरेन के समक्ष आजसू पार्टी का दामन थामा एवं संकल्प लिया।

## देशावली व जाहेर स्थल को छोड़ अन्यत्र जगह घेराबंदी कर रहे संवेदक, ग्रामीणों ने किया विरोध

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** खूंटपानी प्रखंड अंतर्गत पुरूनिया पंचायत के लतार कुस्तुईया में गुरूवार को देशावली घेराबंदी निर्माण के विरुद्ध ग्राम सभा का आयोजन ग्रामीण दियुरी सिदिऊ पुरती की अध्यक्षता में हुई। उपस्थित ग्रामीणों देशावली को घेराबंदी करना छोड़ अन्य स्थलों की घेराबंदी किए जाने का विरोध जताया। ग्रामीणों का कहना है जाहेर स्थल व देशावली खाता संख्या-2 फ्लाट नंबर 1248 है, पर देशाऊली व जाहेर स्थल घेराबंदी के नाम पर खाता संख्या 2 फ्लाट नंबर 987 अनावाद बिहार सरकार फ्लाट में घेराबंदी कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों का मांग है कि जाहेर स्थल व देशावली का घेराबंदी वहीं पर हो जहां देशावली स्थित है। ग्रामीणों ने कहा कि संवेदक व लाभुक समिति किसी अन्य लोगों के ईशारे पर गलत काम कर रही है। जो ग्रामीणों के लिए बड़ी समस्या है। मौखिक रूप से कई बार मना करने के बावजूद भी काम प्रगति पर है। वहीं इसका विरोध करने पर ग्रामीणों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने व सरकारी काम पर बाधा डालने के नाम पर जेल भेजने की धमकी दी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है संबंधित विभाग व प्रशासन इस कार्य अविलंब रोक लगा कर देशावली पर ही घेराबंदी कराएं। अन्यथा ग्रामीण मिलकर उग्र आंदोलन के लिए मजबूर हो जाएंगे। मौके पर ग्रामीण दियुरी सिदिऊ पुरती, बिरसिंह पुरती, सुरेंद्र पुरती, मांगीलाल पुरती, मोहन पुरती, दुम्बी पुरती, गोंडो पुरती, विजय पुरती समेत काफी अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।



विरोध करते ग्रामीण। • फोटोन न्यूज

## सुंदरगढ़ सीपीआई जिला समिति की बैठक, जन आंदोलन का लिया निर्णय

**PHOTON NEWS SUNDARGARH :** सीपीआई (एम) जिला समिति की दो दिवसीय बैठक शक्ति नगर, पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता बणई विधायक लक्ष्मण मुंडा ने की। बैठक में पार्टी के ओडिशा राज्य समिति के नेता अली किशोर पटनायक ने कहा कि देश के केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार के सांप्रदायिक, हिंदूवादी और बड़े पूंजीपति और कारपोरेट हितैषी सरकार है। ओडिशा में एक वैकल्पिक सत्ता स्थापित करने के लिए भाजपा विरोधी, गैर-बीजद, वामपंथी-लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष दलों को एक साथ लाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ओडिशा में बीजेपी और बीजेडी का अघोषित गठबंधन जारी है। वे सार्वजनिक तौर पर एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं।



बैठक में उपस्थित सीपीआई के कार्यकर्ता। • फोटोन न्यूज

नवीन पटनायक नरेंद्र मोदी सरकार की सभी जनविरोधी नीतियों का समर्थन कर रहे हैं। महंगाई नियंत्रण से बाहर है, घरों में बेरोजगारी फैली हुई है। किसानों को व्यापक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ओडिशा में बिजली वितरण टाटा पावर को हस्तांतरित होने के बाद उपभोक्ताओं का जमकर शोषण किया जा रहा है। इस सार्वजनिक मुद्दे को उठाने के साथ ही उन्होंने एक बड़े जन आंदोलन का आह्वान किया। बैठक में बिष्णु मोहंती ने बैठक में शामिल होकर केंद्र और राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जिले के कार्यकर्ताओं, किसानों और मजदूरों को इकट्ठा करने के लिए आने वाले दिनों में विभिन्न ब्लॉक स्तर के आंदोलनों का आह्वान किया।

## बिसरा और लाठीकटा ब्लॉक के 39 हजार स्कूली विद्यार्थियों को खिलाया जा रहा पौष्टिक मध्याह्न भोजन

### आठ वर्षों से 327 स्कूलों में वितरित हो रहा है मध्याह्न भोजन

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला इस्पात संयंत्र, ओडिशा सरकार और अक्षयपात्र फाउंडेशन के सहयोग से प्रत्येक स्कूल-दिवस पर बिसरा और लाठीकटा ब्लॉक के साथ-साथ राउरकेला नगर पालिका क्षेत्र के 327 विद्यालयों के 39 हजार से अधिक विद्यार्थियों को पौष्टिक मध्याह्न भोजन प्रदान कर रहा है। वर्ष 2015 में शुरू हुई इस परियोजना ने आठ साल पूरे कर लिए हैं। हर साल विद्यार्थियों के कई बैच स्कूल से पास होकर निकल रहे है।

राउरकेला स्टील प्लांट के सीएसआर के तहत शुरू हुई इस योजना का उद्देश्य भूख को खत्म करना, भूख और गरीबी के कारण स्कूल छोड़ने की संख्या को कम करना और बच्चों में कुपोषण की समस्या का समाधान करना है।



पौष्टिक भोजन करते बच्चे। • फोटोन न्यूज

**गुणवत्तापूर्ण भोजन का होता है वितरण :** भोजन में अलग-अलग दिनों में चावल के साथ-साथ विभिन्न प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ जैसे चना डालमा, राजमा, बरबट्टी, आलू मटर पनीर, आलू मटर सोयाबीन और मिली-जुली सब्जी शामिल रहते हैं। खीर और अचार भी नियमित रूप से दिया जाता है। बड़े आकार के स्टेनलेस टिफिन बॉक्सों में प्रदान किये जाने वाले गर्मा-गर्म भोजन अनुकूलित इंसुलेटेड वैन में 60 किलोमीटर के दायरे में विभिन्न स्कूलों में पहुंचाया जाता है। परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता और पोषण तत्व सुनिश्चित करने के लिए पर्यवेक्षकों द्वारा समय-समय पर उसका परीक्षण किया जाता है।

**सेंट्रल रसोईघर से होती है आपूर्ति :** इसकी आपूर्ति के लिए सेक्टर-7 में एक अत्याधुनिक केंद्रीकृत रसोईघर स्थापित किया गया है। इसमें बॉयलर, एक चावल साफ करने की मशीन, एक कोल्ड स्टोरेज, उपयुक्त बर्तन, कन्वेयर बेल्ट, पैकिंग और सफाई सुविधाएँ शामिल हैं।

### KOLHAN विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर संस्कृत विभाग की ओर से किया गया पौधारोपण

## विद्यार्थियों ने लिया प्रकृति संरक्षण का संकल्प




पौधारोपण के अवसर पर उपस्थित संस्कृत विभाग के विद्यार्थी। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** वन महोत्सव के उपलक्ष्य में कोल्हान विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर संस्कृत विभाग की ओर से विश्वविद्यालय के बी ब्लॉक भवन के सामने पौधारोपण किया गया। इसमें स्नातकोत्तर संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना सिन्हा तथा विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर प्रो. दानगी सोरेन के दिशा-निर्देश के अनुसार स्नातकोत्तर द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस दौरान आम, पपीता, लीची, सखुआ, बोगनबेलिया आदि पौधों को लगाया गया। विद्यार्थियों ने पौधारोपण के साथ पौधों को बचाये रखने, पर्यावरण को शुद्ध एवं हरा-भरा करने का संकल्प लिया। पौधरोपण के अवसर पर शिक्षण सहायिका अष्टमी महतो एवं मनीषा बोदरा उपस्थित थी। उन्होंने भी पौधारोपण में बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

मौके पर गंगाधर सिंह सरदार, तुलसी लागुरी, ममता मुंडा, आशा महतो, पीयूष मिश्र, सरस्वती महतो, आरती केसरी, बीणापाणि महतो, अमीषा परिया, लीलावती कुमार, लक्ष्मी गोप, गीता सोरेन, अमिता महतो, पीकोन आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

## मांगीलाल रूंगटा प्लस टू स्कूली बच्चों के बीच 1400 फलदार पौधों का वितरण


**CHAIBASA :** मांगीलाल रूंगटा प्लस टू विद्यालय की ओर से ईच वन प्लांट वन जैसे अनोखे कार्यक्रम के तहत कई सालों से हजारों की संख्या में पौधारोपण करवाया जा चुका है। अपनी इस कार्यक्रम की पहल को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय की प्राचार्या शिल्पा गुप्ता के मार्गदर्शन में तथा गायत्री विद्या शिशु मंदिर चक्रधरपुर चंदरी, भागेरिया फाउंडेशन के सौजन्य से गुरूवार को लगभग 1400 फलदार पौधों का सभी छात्र छात्राओं के बीच वितरण किया गया।

मौके पर मौजूद प्राचार्या ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम का एकमात्र लक्ष्य है विद्यालय के एक-एक बच्चे को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ना। ताकि हम अपने चारों ओर के वातावरण को संरक्षित करें और उसे जीवन के अनुकूल बनाए रखें। क्योंकि बढ़ती जनसंख्या, ओजोन डिप्लीशन, ग्लोबल वार्मिंग से लेकर वनों की कटाई तथा प्रदूषण से मानव जीवन गंभीर खतरे में है।

ज्ञात हो कि प्राचार्या द्वारा इस योजना की शुरूआत 2016 में स्वयं के स्तर से की गई थी। और आज यही कार्यक्रम प्रत्येक विद्यार्थी को जोड़कर एक वृहत रूप ले चुका है। कार्यक्रम में विशेष रूप से अनुज कुमार चक्रवर्ती, विजय मोहन बक्शी, अनंजय प्रसाद, विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, बाल संसद के सभी सदस्यों तथा छात्र-छात्राओं का योगदान सराहनीय रहा।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए मिसाईल मैन डॉ. कलाम

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** कांग्रेस भवन में गुरुवार को महान वैज्ञानिक एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. कलाम की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें नमन किया गया।



डॉ. एपीजे कलाम की फाईल फोटो।

कांग्रेसियों ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के व्यक्तित्व उनके जीवन उनकी शिक्षा एवं संदेश पर परिचर्चा की। कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डॉ. कलाम ना सिर्फ एक महान वैज्ञानिक प्रेरणादायक नेता थे। बल्कि अद्भुत इंसान भी थे। चमत्कारिक प्रतिभा के धनी अब्दुल कलाम का व्यक्तित्व इतना उन्नत था कि वह सभी धर्म जाति एवं संप्रदायों के व्यक्ति नजर आते थे। वह एक ऐसे भारतीय थे जो सभी के लिए एक महान आदर्श बन चुके है।

डॉ. कलाम एक बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। भारत की अत्याधुनिक रक्षा तकनीक के पीछे एक मजबूत ताकत बनकर उसे साकार करने का श्रेय डॉ. कलाम को जाता है।

मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास, त्रिशानु राय, रंजीत यादव, कैरा बिरुवा, जगदीश सुंडी, संतोष सिन्हा, दिकु सावैयां, इम्तियाज खान, राफेल बांकिरा, बिशन जोंको, सन्नी रॉबर्ट अंथोनी, संदीप कुमार महतो, मांझी जोंको, विजय सिंह तुबिद, अनिल दास, सत्यन्त कुमार बरजो, राजू कारवा, सुशील कुमार दास, ब्रज मोहन देवगम समेत अन्य उपस्थित थे।





# फटाफटी में रिताभरी का प्रेरक किरदार लोगों को करता है प्रभावित

प्रतिभाशाली अभिनेत्री रिताभरी चक्रवर्ती की बहुप्रतीक्षित फिल्म फटाफटी डिजिटल स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर प्रीमियर के लिए तैयार है। दिल छू लेने वाली यह फिल्म एक छोटे शहर के दर्जी फुलोरा भादुड़ी की कहानी बताती है, जिसके पास सपनों को डिजाइन करने की एक प्रतिभाशाली भावना है और वह एक फैशन इंफ्लुएंसर बनने की इच्छा रखती है। हालाँकि, अपने वजन के कारण लगातार उपहास का सामना करने से फुलोरा के सपनों में बाधा आती है। रिताभरी चक्रवर्ती का असाधारण प्रदर्शन फुलोरा के चरित्र को जीवंत बनाता है, जिससे वह दर्शकों के बीच एक लोकप्रिय अभिनेत्री बन गई। साथ ही इस फ़िल्म के माध्यम से एक्ट्रेस ने अपनी कला प्रदर्शित कर के देश की जनता के दिलों में अपना एक विशेष स्थान बना लिया है। फटाफटी एक अवश्य देखी जाने वाली फिल्म है जो न केवल मनोरंजन करती है बल्कि आत्म–स्वीकृति और सशक्तिकरण का एक शक्तिशाली संदेश भी फैलाती है। अपने कैलेंडर में 4 अगस्त को चिह्नित कर लीजिए, क्योंकि यह उत्साहवर्धक फिल्म विशेष रूप से सोनी लिव पर स्ट्रीम हो रही है, जो एक अविस्मरणीय सिनेमाई अनुभव का वादा करती है। यह फ़िल्म बॉडी पॉजिटिविटी और सपनों की जीत का जश्न मनाती है। और साथ ही रिताभरी के अद्भुत अभिनय कौशल को भी दर्शाती है। एक्ट्रेस रिताभरी की अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की सूची काफी लंबी है और दर्शक उन्हें अब सिल्वर स्क्रीन पर देखने का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं।



# सनी लियोनी ने 2016 के कंट्रोवर्शियल इंटरव्यू को किया याद

अपनी खूबसूरती और अदाकारी से आज दर्शकों के दिलों पर राज करने वालीं सनी लियोनी के सामने एक वक्त ऐसा आया था जब उन्हें खूब आलोचना का सामना करना पड़ा था। बात साल 2016 की है जब सनी इंडस्ट्री में नई आई थीं और अपनी फिल्म के प्रोमोशन के लिए एक इंटरव्यू दे रही थीं। इस दौरान उनसे बहुत भद्दे और आपत्तिजनक सवाल किए गए थे। इस विवादास्पद इंटरव्यू के बाद उनके सपोर्ट में फिल्म इंडस्ट्री के कई सितारे आ गए थे। इंटरव्यू के दौरान लैंगिक भेदभाव वाले सवालों को शालीनता से संभाला था और हर तरफ से प्रशंसा हासिल की थी। आलोचना का सामना करने के बावजूद लियोन को अपने साथी बॉलीवुड अभिनेताओं का भी समर्थन मिला था। हाल ही में एक इंटरव्यू में सनी लियोन ने 2016 के उस विवादास्पद इंटरव्यू को याद किया और बी–टाउन हस्तियों के नामों का खुलासा किया, जो वीडियो वायरल होने के बाद उनके पास पहुंचे थे। सनी ने बताया कि, कुछ लोग ऐसे थे जिन्हें उस इंटरव्यू के बारे में पता चला और उन्होंने नाराजगी जताई। अभिनेत्री कहती है आमिर खान ने मुझे फोन किया था, मिस्टर अनिल कपूर ने, ऋतिक और सोनम कपूर ने भी मुझे सपोर्ट किया था। ये कुछ लोग थे जो मुझसे जुड़े और मुझसे आप पर गर्व है और मजबूत बने रहो जैसी बातें कहीं। दरअसल, साल 2016 में सनी लियोनी अपनी फिल्म मस्तीजादे के प्रमोशन के लिए एक टीवी जर्नलिस्ट के पास पहुंची थीं। वहां सनी से उनकी पिछली जिंदगी के बारे में बात की गई। बड़े ही वाहियात ढंग से उनसे सवाल किए गए थे। जिन्हें सुनकर हर कोई हैरान रह गया था।

# हर्षवर्धन कपूर ने ट्रोलर्स को मजाकिया अंदाज में दिया मजेदार जवाब

सोशल मीडिया के क्षेत्र में, जहां मशहूर हस्तियों को अक्सर आलोचना और लगातार ट्रोलिंग का सामना करना पड़ता है, वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो नकारात्मकता से सीधे निपटना चुनते हैं। अपने अपरंपरागत दृष्टिकोण के साथ हर्षवर्धन कपूर ने हाल ही में दिखाया कि वर्चुअल दुनिया में नकारात्मकता को दूर करने के लिए हास्य और बुद्धि का उपयोग कैसे किया जा सकता है। स्नीकर्स के बहुत बड़े प्रशंसक और संग्रहकर्ता के रूप में जाने जाने वाले हर्षवर्धन ने हाल ही में अपने स्नीकर्स की नई जोड़ी को अनबॉक्स करते हुए एक वीडियो पोस्ट किया और कैप्शन दिया कि आज बहुत खास अनबॉक्सिंग है। ऑनलाइन ट्रोलिंग से अभिभूत या परेशान होने के बजाय अभिनेता ने मजाकिया अंदाज़ में रिप्लाई करने के लिए अपनी त्वरित बुद्धि का इस्तेमाल किया, जिसने ट्रोलर की बोलती बंद कर दी, आई एम इन अ सीक्रेट रिलेशनशिप विद अ वेरी रिच वुमन फ्रॉम दुबई शी इज मैरिड एंड स्टफ बट मैडली इन लव विद मी... शी पेय फ़ॉर ऑल दिस द सीक्रेट हैज नाउ... हर्षवर्धन फिलहाल मशहूर निशानेबाज अभिनव बिंद्रा की बायोपिक की तैयारी कर रहे हैं। वह जल्द ही स्क्रीन पर एक भावुक और प्रतिबद्ध प्रदर्शन के साथ मुख्य किरदार निभाते नजर आएंगे।

# सपना चौधरी का पैपी हरियाणवी नंबर नंदी के बीर रिलीज



हरियाणी सिंगर–डांसर सपना चौधरी का नया गया नंदी के बीर रिलीज हो गया है। टी सीरीज ने इस हरियाणवी अपबीट सॉन्ग को लॉन्च किया है। इस गाने में सपना चौधरी के साथ विवेक राघव नजर आ रहे हैं। यह एक पैपी रोमांटिक नंबर है। नंदी के बीर को नोनू राणा ने गाया है और वीडियो का निर्देशन मणि शेरगिल ने किया है। राजू गुढ़ा द्वारा लिखित यह गाना एक जोड़े के बीच की मजेदार केमिस्ट्री को दर्शाने वाला एक खूबसूरत गाना है। इस गाने में कपल के बीच की मजेदार केमिस्ट्री को खूबसूरती से दर्शाया गया है। सपना चौधरी का यह गाना रिलीज होते ही यूट्यूब पर छा गया है। इस गाने को अब तक 2 मिलियन से ज्यदा व्यूज मिल चुके हैं।

# जान्हवी ने बवाल पसंद करने के लिए फैंस का किया आभार व्यक्त



वरुण धवन और जान्हवी कपूर स्टारर बवाल हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई थी। नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित इस रोमांटिक ड्रामा में पहली बार वरुण और जान्हवी ने एक साथ काम किया है । फिल्म को सोशल मीडिया पर सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिल रही है और वरुण और जान्हवी को उनके प्रदर्शन के लिए काफी प्रशंसा मिल रही है। अब जान्हवी ने भी फैंस का शुक्रिया अदा किया है। फिल्म 'बवाल' की रिलीज के कुछ दिनों बाद जान्हवी कपूर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने प्रशंसकों के लिए एक भावुक नोट लिखा है। जान्हवी ने उनके प्रदर्शन की सराहना करने और बवाल में उनके किरदार निशा पर प्यार बरसाने के लिए प्रशंसकों का आभार व्यक्त किया। फैंस भी कमेंट सेक्शन में अभिनेत्री की तारीफ करने से नहीं चूक रहे हैं। जान्हवी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने को–स्टार वरुण के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की और लिखा, 'आपका प्यार बवाल रहा है। निशा को अपने और अज्जू को सुधारने के लिए, हमारी कहानी और काम को इतना प्यार देने के लिए धन्यवाद। एक धारणा बनाने में, एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करने और कुछ प्रकार की मान्यता को अपनाकर हम इस दौड़ में कहीं खो गए हैं। कभी–कभी कुछ चीजें हमें सबसे बड़ी समस्या लगती है। हालांकि, यह सब हमारे दिमाग का फितूर होता है।




# सा रे गा मा पा में जज की भूमिका में नजर आएंगे अनु मलिक

सिंगिंग रियलिटी शो सा रे गा मा पा काफी पॉपुलर है। इस साल जी टीवी सा रे गा मा पा का नया सीजन वापस लेकर आ रहा है। कई दिग्गज सिंगर इस शो को जज करते नजर आने वाले हैं। जानेमाने संगीतकार अनु मलिक भी सिंगिंग रियलिटी शो सा रे गा मा पा में बतौर जज नजर आने वाले हैं। अनु मलिक ने कहा, सा रे गा मा पा प्लेटफॉर्म वह जगह है जहां धुनें गूंजती हैं और सपने उड़ान भरते हैं। अविश्वसनीय प्रतिभाओं का मार्गदर्शन और पोषण करते हुए इस संगीत यात्रा को शुरू करने के लिए उत्साहित हूं। हमारे दो शानदार कलाकारों हिमेश रेशमिया और नीति मोहन के साथ पैनल साझा करने से खुशी बढ़ जाती है। अनु मलिक ने कहा, सा रे गा मा पा में जज के रूप में वापसी करना घर वापस आने जैसा लगता है। दर्शकों का मनोरंजन करते हुए कंटेस्टेंट्स के जुनून, समर्पण और अविस्मरणीय प्रदर्शन के स्वर समता देखने का इंतजार नहीं कर सकता। बता दें कि इससे पहले अनु मलिक इंडियन आइडल जज करते नजर आते थे। लेकिन साल 2018 में मी टू का आरोप लगने के बाद उन्हें इंडियन आइडल में जज की कुर्सी छोड़नी पड़ी थी। अब लगभग 5 साल बाद अनु मलिक किसी सिंगिंग बेस्ड रिएलिटी शो में जज की कुर्सी संभालते नजर आएंगे।

# अमिताभ ने किया खुलासा

## आखिर डिएगो कॉमिक-कॉन में क्यों नहीं हुए शामिल



मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने आखिरकार खुलासा कर दिया है कि वह साइंस फिक्शन ड्रामा कल्कि 2898 एडी को प्रदर्शित करने को लेकर सैन डिएगो कॉमिक–कॉन 2023 में क्यों नहीं शामिल हुए। उन्होंने साझा किया कि फिल्म निर्माता नाग अश्विन चाहते थे कि वह भी साथ आएं लेकिन काम और चिकित्सा प्रतिबंधों ने मुझे उनसे दूर रखा। अपने ब्लॉग पर लिखा, सैन डिएगो प्रोजेक्ट फिल्म निर्माताओं और उन सभी लोगों के लिए एक महान क्षण है जो इसके पहले लुक को जारी करने के लिए वहां गए थे। मुझे नागी सर ने साथ आने के लिए बहुत प्रेरित किया था। लेकिन काम और चिकित्सा प्रतिबंधों ने मुझे ऐसे कई अवसरों से दूर रखा है। सिने आइकन ने साझा किया कि पहला लुक बहुत अच्छा था। अमिताभ ने फिल्म के शीर्षक में एडी का मतलब भी समझाया। सैन डिएगो कॉमिक–कॉन 2023 में कमल हासन, प्रभास और राणा दग्गुबाती ने भाग लिया। बिग बी जूम वीडियो कॉल के जरिए इस पैनल से जुड़े। इवेंट में यह घोषणा की गई कि जिस फिल्म का नाम पहले प्रोजेक्ट के था, उसका नाम कल्कि 2898 एडी रखा गया है। साइंस–फिक्शन कल्कि 2898 एडी फिल्म में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी भी भूमिका में हैं।



# हेमा मालिनी ने 7 हजार बच्चों के लिए की रसोई की शुरुआत

बॉलीवुड एक्ट्रेस और सांसद हेमा मालिनी ने अक्षय पात्र प्रतिष्ठान की 67वीं रसोई का मथुरा में उद्घाटन किया जिसके माध्यम से क्षेत्र के 96 विद्यालयों में 7500 से ज्यादा बच्चों को दिन का पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। भाजपा की मथुरा से लोकसभा सांसद हेमा मालिनी ने बरसाना के आजनोख में इस मौके पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अक्षय पात्र भारत में 67 से ज्यादा रसोई का संचालन कर रहा है। हेमा मालिनी ने अक्षय पात्र को महाभारत काल की द्रोपदी की कथा से जोड़ते हुए कहा कि भगवान कृष्ण ने जिस तरह द्रोपदी के अक्षय पात्र में सबके लिए भोजन उपलब्ध कराया था उसी अवधारणा पर श्रीकृष्ण और राधा रानी की लीला भूमि में इस अक्षय पात्र से हज़ारों बच्चों को हर दिन भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि अच्छा भोजन और पौष्टिक भोजन बच्चों को उपलब्ध हो, अक्षय पात्र यह सुनिश्चित करता है और इसी सोच के साथ अक्षय पात्र मथुरा जिले 2100 स्कूलों में भोजन उपलब्ध करा रहा है। अक्षय पात्र फाउंडेशन के वॉइस चेयरमैन चंचलापति दास ने कहा कि इस रसोई के माध्यम से आसपास के 48 गांव के साढ़े सात हज़ार बच्चों को भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। उनका कहना था यह रसोई पूरी तरह से महिलाओं द्वारा संचालित की जा रही सामूहिक रसोई है।